हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री



शनिचरी रपटा स्थित फौवारा बंद

## खबर संक्षेप

### मित्र मंडल नेहरू नगर का नववर्ष मिलन आज

**बिलासपुर।** मित्र मंडल नेहरू नगर का नववर्ष मिलन एवं हास्य क्लब का स्थापना दिवस शनिवार 24 जनवरी को सामुदायिक भवन नेहरू नगर में शाम 5 बजे से 9 बजे तक मनाया जाएगा। मित्र मंडल के सचिव इंजी सुजीत गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि पार्षद कार्तिक यादव, पार्षद भरत कश्यप नेता प्रतिपक्ष, नम्रता यादव पूर्व पार्षद, अंजना वर्मा पूर्व पार्षद, अजित सिंह भोगल, राजेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्षता डा. विनोद कुमार वर्मा करेंगे।

### हरदेव लाल मंदिर परिसर में स्वास्थ्य शिविर कल

**बिलासपुर।** गायत्री शक्ति पीठ तथा माँ भगवती हरदेव लाल मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 25 जनवरी को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 8 से 10 बजे तक है। इस शिविर में डा. शुभाशीष महतो, डॉ आलोक सुल्तानिया, डॉ ऍम पी सामल, डॉ गीता विश्वकर्मा, डॉ एस बी सिंह तथा डॉ प्रियंका नेताम अपनी सेवाएं देंगे। इस शिविर में टी एस एच शुगर ब्लड प्रेशर, एच बी ए 1 सी, लिपिड प्रोफाइल टेस्ट, यूरिक एसिड आदि टेस्ट निःशुल्क होंगे।

### श्रीराम चरित मानस प्रवचन मुंगेली में 26 से

**बिलासपुर।** अयोध्या नगरी में भगवान श्रीराम की भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ पर सनाढ्य ब्राम्हण समाज इकाई



मुंगेली द्वारा सुंदर कांड पाठ एवं श्रीराम चरित मानस प्रवचन का आयोजन 26 जनवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रामचरित मानस प्रवचन स्थल ब्राम्हण पारा काली माई वार्ड मुंगेली में किया जा रहा है। इसके प्रेरणस्त्रोत पं. काशी प्रसाद उपाध्याय कारेसरा मुंगेली एवं पं. डा. दीनानाथ उपाध्याय बोदा मुंगेली हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 1.30 बजे से सामूहिक सुंदर कांड पाठ तत्पश्चात रामचरित मानस प्रवचन होगा। इस अवसर पर आमंत्रित व्यासगणों में पं. राजेन्द्र शर्मा भैंसो पामगढ़, पं. किरण कुमार शर्मा मुंगेली, पं. ढाबादत्त दीक्षित कारेसरा, पं. भूषण उपाध्याय मुंगेली, पं. नरेन्द्र दीक्षित मुंगेली, पं. रुद्रमणी उपाध्याय मुंगेली मंच संचालक होंगे। आयोजन को लेकर समिति के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को आवश्यक जिम्मेदारी सौंप दी गई है। आयोजन समिति द्वारा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस कार्यक्रम में शामिल होकर भक्ति रस का पान करने का अनुरोध किया गया है। आयोजन की तैयारी को लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह है। श्रद्धालुओं के बैठने के लिए उत्तम व्यवस्था की गई है।

निगम की जमीन का उपयोग कर कंपनी बिजली उत्पादन कर बेचेगी भी

# बैंगलोर की कंपनी कारीछापर में लगाएगी बड़ा सोलर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कारीछापर में पं देवकीनंदन दीक्षित की 77 एकड़ जमीन पर कब्जा पाया गया है। इसमें से 30 एकड़ जमीन पर खेती हो रही है तो 26 एकड़ जमीन पर कच्चे-पक्के मकान बन गए हैं। इसके साथ ही कुछ जमीन खाली पड़ी है जिस पर भी कब्जे कर लिए गए हैं। अब निगम इस जमीन को खाली कराएगा। सबसे बड़ी बात कि इस जमीन पर निगम अब सोलर प्लांट लगाने जा रहा है। इसके लिए बैंगलोर की स्काई कंपनी को काम दिया जा रहा है। यह कंपनी भारत सरकार से अनुबंधित है और सोलर प्लांट लगाने का काम देश भर में करती है। निगम के मुताबिक इस पूरे प्रोजेक्ट का डीपीआर जल्द बनाया जाएगा। इसमें कंपनी को सिर्फ जमीन दी जाएगी और प्लांट लगाकर बिजली निगम को देगी और खुद भी उपयोग करेगी। निगम का दावा है कि इससे हर साल करीब 10 करोड़ रुपए के बिजली बिल की बचत होगी।

ज्ञात हो कि साल 1943 में पंडित देवकीनंदन दीक्षित ने सीपत के पास ग्राम कारीछापर की 76 एकड़ 87 डिसमिल जमीन को तत्कालीन नगर पालिका को दान में दी थी। पहले इस भूमि का हर 3 वर्ष में नगर निगम की तरफ से धान की खेती करने के लिए इश्तहार प्रकाशन किया जाता था। जिसके बाद गांव में ही अमानत राशि जमा कराकर आम नीलामी की जाती थी। बाद में लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान देना बंद कर दिया। नतीजा यह हुआ कि करीब 77 एकड़ जमीन के अधिकांश हिस्सों में ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया। कुछ लोगों ने यहां मकान भी बना लिए हैं, तो कुछ लोगों ने कब्जा कर दूसरों को जमीन बेंच दी है।



- सीमांकन रिपोर्ट कलेक्टर, कमिश्नर को सौंपी गई, जल्द होगी कार्रवाई
- 30 एकड़ जमीन पर खेती, 26 एकड़ जमीन पर बन गए कच्चे- पक्के मकान

### कलेक्टर और कमिश्नर को सौंपी गई रिपोर्ट

लगातार शिकायतों के बाद नगर निगम ने 107 खसरों में दर्ज इस जमीन का सीमांकन किया। सीमांकन कार्य के लिए एक राजस्व निरीक्षक, सात हल्का पटवारी, नगर निगम के पटवारी, इंजीनियर और पेट्रोलिंग टीम को तैनात किया गया था। बता दें कि चार साल पहले भी निगम प्रशासन ने जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए सीमांकन कराया था। इसके बाद भी निगम इसे अपने कब्जे में नहीं ले सका। अब जो रिपोर्ट कलेक्टर और निगम कमिश्नर को सौंपी गई है उसमें सभी 77 एकड़ जमीन पर कब्जा पाया गया है।

### सीमांकन के बाद चलेगा बुलडोजर

रिपोर्ट के मुताबिक 26 एकड़ जमीन पर ग्रामीणों की तरफ से अवैध रूप से मकान बनाकर कब्जा कर लिया गया है। यह सालों से है। इस दौरान कई कलेक्टर और आयुक्त बदले लेकिन आज तक पंडित देवकीनंदन दीक्षित ट्रस्ट की यह दान भूमि अतिक्रमण मुक्त नहीं हो सकी। अब प्रशासन सीमांकन के जरिए जमीन की स्पष्ट पहचान कर आगे की कार्रवाई की तैयारी में जुटा है। अधिकारियों का दावा है कि जमीन का सीमांकन कराने के बाद अवैध कब्जाधारियों को नोटिस देकर बुलडोजर चलाकर इसे खाली कराया जाएगा।

### बनाया गया है प्रोजेक्ट

कारीछापर की जमीन पर निगम अब सोलर प्लांट लगाने जा रहा है। इसके लिए बैंगलोर की स्काई कंपनी को काम दिया जा रहा है। यह कंपनी भारत सरकार से अनुबंधित है और सोलर प्लांट लगाने का काम देश भर में करती है। निगम के मुताबिक इस पूरे प्रोजेक्ट का डीपीआर जल्द बनाया जाएगा। इसमें कंपनी को सिर्फ जमीन दी जाएगी और प्लांट लगाकर बिजली निगम को देगी और खुद भी उपयोग करेगी।

- **पूजा विधानी,** महापौर, नगर निगम

### एसटीपी के संचालन में भी होगा उपयोग

महापौर श्रीमती पूजा विधानी के मुताबिक कारिछापर की जमीन जल्द ही कब्जामुक्त होगी। इसके बाद नगर निगम के बढ़ते बिजली खर्च को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जाएगा। इसी जमीन पर सौर ऊर्जा सोलर पावर से चलाया जाएगा। इसके लिए बैंगलोर की कंपनी को काम दिया जा रहा है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, सोलर प्लांट के माध्यम से एसटीपी सहित दूसरी व्यवस्थाओं के संचालन में 25 प्रतिशत तक बिजली खर्च में कमी लाई जा सकेगी। फिलहाल तीनों एसटीपी के संचालन पर निगम को हर महीने करीब 1 करोड़ रुपए से ज्यादा का बिजली बिल चुकाना पड़ता है, जो सालाना 13 करोड़ रुपए तक पहुंच जाता है। सौर ऊर्जा आधारित संचालन शुरू होने के बाद निगम को हर वर्ष लगभग 2 करोड़ रुपए की इसी से सीधी बचत होने की संभावना है।

# नए आईजी राम गोपाल गर्ग ने लिया चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



आईपीएस अधिकारी राम गोपाल गर्ग ने शुक्रवार की शाम बिलासपुर रेंज का बतौर पुलिस महानिदेशक के तौर पर चार्ज लिया। 2007 बेच के आईपीएस श्री गर्ग इससे पहले दुर्ग रेंज के आईजी रहे और आईपीएस संजीव शुक्ला के रायपुर कमिश्नर बनने के बाद उन्हें बिलासपुर में पदस्थ किया गया है।

शहर पहुंचने पर आईजी कार्यालय में पुलिस जवानों ने उन्हें सलामी दी। पदभार ग्रहण करने के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इसके बाद श्री गर्ग ने सभी पुलिस अधिकारियों का परिचय लिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मधुलिका सिंह, एसडीओपी नूपुर उपाध्याय सहित रेंज के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। पदभार संभालने के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री गर्ग ने कहा कि समाज की बेहतरी के लिए यह आवश्यक हो चुका है कि पुलिसिंग के दौरान तकनीक का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं व अपराध के विषय में अधिकारियों से चर्चा की जाएगी और प्रभावित पुलिसिंग पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम को लेकर दुर्ग रेंज में रहते हुए उन्होंने एप और कई एप्लीकेशन पर काम कराया है, जिसका अपराध नियंत्रण में प्रभावी काम हो चुका है। ऐसे में बिलासपुर के लिए भी तकनीक आधारित नियंत्रण पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग के दौरान शासन और समाज की अपेक्षा पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

# तबादला आदेश नहीं माना, शिक्षा विभाग का क्लर्क सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा विभाग बिलासपुर में पदस्थ सहा. ग्रेड-02 विकास तिवारी को सस्पेंड कर दिया गया है। शिक्षा विभाग के मुताबिक क्लर्क का प्रशासनिक स्थानांतरण कार्यालय प्राचार्य, शासकीय उच्च. मा. विद्यालय लोहर्सी (सोन) विकास खण्ड मस्तुरी जिला बिलासपुर में किया गया था। आदेश के बाद भी कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है।

शिक्षा विभाग के अनुसार क्लर्क विकास तिवारी का तबादला शासकीय उच्च. मा. विद्यालय लोहर्सी (सोन) विकास खण्ड मस्तुरी जिला बिलासपुर में किया गया था। साथ ही विकास तिवारी सहा. ग्रेड-02 को कार्यालयीन आदेश 01 जुलाई 2025 को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर से स्थानांतरित संस्था कार्यालय प्राचार्यशासकीय उच्च.मा. विद्यालय लोहर्सी (सोन) विकास खण्ड मस्तुरी जिला बिलासपुर के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया था। इसके बाद भी क्लर्क ने नई जगह पर ज्वाइन नहीं किया। लगातार नोटिस के बाद भी क्लर्क ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया।

### शासन ने स्वीकार नहीं किया आवेदन

क्लर्क ने तबादला आदेश में संशोधन के लिए आवेदन पेश किया जिसे राज्य सरकार की वरिष्ठ सचिवो की समिति ने हाईकोर्ट के आदेश पर स्वीकार नहीं किया। इसके बाद भी क्लर्क ने नई जगह पर ज्वाइन नहीं किया और नियमो की अनदेखी की। जिला शिक्षा विभाग ने इसे बिना सूचना के अवकाश पर रहने का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, के विपरित गंभीर कदाचार की श्रेणी में माना और क्लर्क विकास तिवारी को सस्पेंड कर दिया गया है।

# लाइफ इंश्योरेंस के नाम पर धोखाधड़ी मैनेजर सहित अन्य पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सिविल लाइन थाने में प्रार्थी ने दी थी शिकायत

व्यापार विहार रोड स्थित चोलामंडलम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के मैनेजर सहित अन्य लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। कंपनी के अधिकारियों ने पहले मृतक को लोन के नाम पर ठगा और लाइफ इंश्योरेंस का झांसा देकर लाखों रूपए ले लिया। मृतक के भाई ने फाइनेंस कंपनी के मैनेजर और स्टाफ पर जुर्म दर्ज कराया है।

पुलिस के अनुसार सारबहरा सरकारी टोला गौरेला निवासी शरीफ खान पिता सलीम खान उम्र 43 वर्ष ने बताया कि चोलामण्डलम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी द्वारा उनके भाई मोहम्मद अययूब खान को लोन के नाम पर धोखा दिया गया और लाइफ इंशयोरेंस की जगह मेडिकल इंश्योरेंस देकर लाखों रूपए की ठगी की गई। इससे उनके परिवार को आर्थिक क्षति पहुंचा कर स्वंय लाभ लिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक मोहम्मद आय्यूब खान उनका भाई और शबनम खान भाभी है, जबकि आर्यन खान भतीजा है। बीमा कंपनी चोलमण्डलम एमएस जनरल इंश्योरेंस द्वारा अय्यूब खान को 30 लाख रूपए लोन किरिटेल फायनेंस के स्वीकृत किए गए, लेकिन लोन की रकम महज 28 लाख 67 हजार रूपए ही दी गई। इस बारे में कंपनी के अधिकारियों से कई बार पुछताछ की गई, लेकिन सालों से घुमाते रहे। बार-बार पूछने पर कंपनी के अधिकारियों ने 53 हजार 100 रुपए पीएफ व 52 हजार 416लाईफ इंश्यारेंस में कटने की बात कही। इस दौरान अय्यूब खान का लाईफ इंश्योरेंस एवं लोन की संपूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया, लेकिन कुछ दिनों के बाद अय्यूब की मौत हो गई। जिसके बाद फाइनेंस कंपनी ने लाइफ इंश्योरेंस से भुगतान लेने के बजाए प्रार्थी के परिवार पर दबाव बनाते रहे। आरोपियों ने छलकपट व धोखाधडी को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामले में व्यापार विहार स्थित शाखा प्रबंधक चोलामण्डलम इनवेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड सेल्स मैनेजर देवानंद पाण्डेय, क्रेडिट मैनेजर शेखर कुमार, ए.एस.एम. निलाभ श्रीवास्तव एवं डीएसटी मिराजुद्दीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## 5वीं की 16 और 8वीं की 17 मार्च से वार्षिक परीक्षा

**बिलासपुर।** कक्षा 5 वीं और 8 वीं की वार्षिक परीक्षा इस साल 16 और 17 मार्च से शुरू होगी। डीपीआई ने टाइम टेबल जारी किया है। 5वीं की परीक्षा सुबह 9 से 11 बजे और 8वीं की 9 से 12 बजे आयोजित होगी। परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी डीईओ पर होगी, जबकि बीईओ नामिनल रोल तैयार करेंगे। जिला स्तरीय संचालन समिति डीईओ की अध्यक्षता में गठित होगी, जिसमें डाइट प्राचार्य, सहायक संचालक, जिला मिशन समन्वयक, बीईओ, हायर सेकेंड्री प्राचार्य, मिडिल स्कूल प्रधान पाठक और संकुल समन्वयक सदस्य होंगे। 30 मार्च से कक्षा 5वीं और 4 अप्रैल से कक्षा 8वीं का मूल्यांकन शुरू होगा। अधिकारियों के मुताबिक 15 अप्रैल तक मूल्यांकन का काम और 30 अप्रैल को रिजल्ट घोषित होगा। वार्षिक परीक्षा में फेल छात्र और अनुपस्थित छात्र 1 जून से आयोजित पूरक परीक्षा में बैठ सकेंगे। पूरक में फेल होने पर भी क्रमोन्नति से अगली कक्षा में प्रवेश मिलेगा। विषय शिक्षक फेल विषय की अतिरिक्त कक्षाएं देंगे।

## जिला पंचायत की बैठक 28 को

**बिलासपुर।** जिला पंचायत की बैठक 28 जनवरी को होगी। इसके अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4 बजे से होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी करेंगे। सामान्य सभा की बैठक में कृषि, अंत्यावसायी, जिला व्यापार उद्योग, खादी ग्रामोद्योग एवं खनिज विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

## महासंघ ने की चेयरमैन से मुलाकात

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने 22 जनवरी को पॉवर कंपनी के चेयरमैन डॉ. रोहित यादव से मुलाकात की और संविदा कर्मियों के मानदेय वृद्धि के लिए आभार जताया।

अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल नेतृत्व में बैठक भी आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना, पदोन्नति सहित विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर गंभीर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान चेयरमैन ने बताया संविदा कर्मियों के लिए कमेटी की जाएगी। परफॉर्मेंस के आधार पर समीक्षा कर वेतन, भत्ते एवं भविष्य में नियमितीकरण के लिए रिपोर्ट पेश करेगी। पुरानी पेंशन योजना के संबंध में चर्चा की गई। डॉ यादव ने बताया कि पॉवर कंपनी पुरानी पेंशन योजना की रिपोर्ट तैयार कर चुकी है लेकिन यह उच्च अधिकारियों के पास लंबित है।










## खबर संक्षेप

### पेंड्रीडीह स्कूल की छात्राओं को प्रदान की गई सायकल



**चकरभाठा।** पेंड्रीडीह हाई स्कूल की कक्षा नवमीं की छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिल्हा जनपद अध्यक्ष रामकुमार कौशिक मौजूद रहे। साथ ही भाजपा नेता तुलसी बघेल, भाजपा बिल्हा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, पेंड्रीडीह सरपंच दाऊराम निषाद, शाला समिति अध्यक्ष मंजूषा गढ़ेवाल, शाला के ऐचएम केके तवल सहित सभी शिक्षक, शाला समिति के सदस्य व पंच उपस्थित रहे।

### पौंसरी में नेताजी सुभाषचंद्र बोस जन्मोत्सव कार्यक्रम

**बोदरी।** शास पूमा शाला पौंसरी में बसंत पंचमी का पर्व बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। प्रधान पाठक ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-आरती की। इसके बाद शैक्षणिक समन्वयक क्रांति कुमार वर्मा, लक्ष्मी चंद श्याम, पद्मजा पांडेय, राजकुमारी कश्यप, ममता कुजूर सहित सभी बच्चों ने आरती की। इस मौके पर महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मोत्सव भी मनाया गया।

### राजपूत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**लोरमी।** नगर के महाराणा प्रताप राजपूत भवन में 25 जनवरी को सुबह 11 से 4 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में डॉ कमल सिंह कैंसर रोग विशेषज्ञ, डॉ अनिल कुमार डड़सेना हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ कमलेश सत्यपाल नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ, डॉ गौरव सिंह परिहार हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ अखिलेश प्रताप सिंह जनरल फिजिशियन, डॉ आकाश गर्ग पेट उदर रोग विशेषज्ञ, डॉ सोनल जुनेजा मोतियाबिंद, कार्निया एवं कांचबिंद सर्जन, सिंह पैथोलॉजी अभिजीत सिंह, डायटिशियन कुसुम राजपूत उपस्थित रहेंगे।

### महिला के घर में चोरी, मामला दर्ज

**तखतपुर।** बीजा निवासी योगेश्वरी कौशिक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 20 जनवरी को शाम 6 बजे वह खेत से काम कर वापस लौट रही थी, इसी दौरान उसने राहुल ठाकुर नामक लयुवक को उसके घर से भागते देखा। महिला ने घर जाकर देखा तो पेटी में रखे 6 हजार रूपए नकद गायब थे। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

## निधन

### गजानन हरिभाऊ खनगन

**बिलासपुर।** राजेंद्र नगर शीतला माता मंदिर के पास रहने वाले



गजानन हरिभाऊ खनगन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 10 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे 88 वर्ष के थे। वे संजय खनगन, कल्पना बाटवे और सपना पारवेकर के पिता थे।

### राधेश्याम साहू

**तखतपुर।** ग्राम खैरी निवासी



राधेश्याम साहू 70 वर्ष का 23 जनवरी को निधन हो गया। वे अभिमन्यु साहू, गौरव साहू के पिता, द्रौपति साहू के पति थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम खैरी में किया गया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिता के आयोजन से निखरती है युवाओं की प्रतिभा: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



नगर के समीप के ग्राम पंचायत बरछा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दिन शुक्रवार को उत्साह, रोमांच और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। फाइनल मैच में बड़ी संख्या में ग्रामीण खेल प्रेमी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं मुंगेली क्षेत्रीय विधायक पुन्नू लाल मोहले ने की। दोनों अतिथियों ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और दोनों टीमों का उत्साहवर्धन किया।

फाइनल मुकाबला बिरगांव की टीम एंव बरछा की टीम के बिच खेला गया जिसमे बिरगांव की टीम ने प्रथम बल्लेबाजी करते हुए 82 रन बनाकर बरछा की टीम को 83 रन का लक्ष्य दिया गया। जिसमें बरछा की टीम द्वारा शानदार बल्लेबाजी की प्रदर्शन करते हुए बिरगांव की टीम को पराजित कर फाइनल मुकाबले का विजेता का खिताब अपने नाम किया। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने खिलाड़ियों और दर्शकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गांव गांव में युवाओं द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को अवसर मिल रहा है और उनके खेल योग्यता में निखार आ रहा है। उन्होंने ग्रामीण युवाओं के खेल क्षमता की प्रशंसा करते हुए उन्हें कम सुविधाओं में भी बेहतर प्रदर्शन करने वाला बताया और विजेता और उपविजेता टीम को बधाई दी। पूर्व मंत्री एवं मुंगेली विधायक पुन्नू लाल मोहले ने युवाओ से इसी तरह के आयोजन करते रहने की बात कहते हुए प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों और आयोजक समिति को बधाई देते हुए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने खेल भावना से खेल गए फाइनल मुकाबले की सराहना की। विजेता टीम को प्रथम ईनाम 31 हजार रुपए नकद एवं कप सरपंच मीना ज्ञान गेंदले, द्वितीय पुरुस्कार पन्द्रह हजार एवं एक कप पुरस्कार स्व बीरेंद्र पात्रे को स्मृति में बादल पात्रे द्वारा दिया गया। विजेता और उपविजेता के कप्तान को मंत्री तोखन साहू एवं पुन्नू लाल मोहले द्वारा पुरस्कार दिया गया। फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सूरज यादव को दिया गया जो शानदार खेल प्रदर्शन कर 22 रन बनाकर अपनी क्रिकेट टीम को जीत दर्ज दिलाई। वही मैन ऑफ़ द सीरीज भूपेंद्र गेंदले को मिला। ज्ञात हो इस राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर आयोजन में जनपद अध्यक्ष चित्ररेखा मनीष जांगड़े, जिला पंचायत सदस्य संतोषी परमेश्वर ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी, संतु सिंह ठाकुर, सरपंच बरछा मिनादास गेंदले, अरुण साहू, सत्तू नवरंग , विवेक राज, संतोष साहू, सरपंच रेमन साहू, सभी उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई वसंत पंचमी

## 69 भैया-बहनें विद्यारंभ संस्कार में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी



विद्या भारतीय अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान पूरे भारतवर्ष में सरस्वती शिशु मंदिर संचालित कर भारतीय संस्कृति एवं संस्कार युक्त शिक्षा प्रवाहित कर शिक्षा का अलख जगा रही है जो कि अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय है।

इस विद्यालय में आयोजित यह विद्यारंभ संस्कार बालक के जीवन में नींव का पत्थर साबित होगा, क्योंकि शिक्षा से बड़ा इस दुनिया में कोई दूसरा धन नहीं है। यह बातें सरस्वती शिशु मंदिर सकरी में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन एवं विद्या आरंभ कार्यक्रम में यादव समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष मनीराम यादव ने कही। विद्यालय समिति के व्यवस्थापक धर्मेश दुबे ने कहा कि, हमारी संस्था के भैया-बहनों के सर्वांगीण विकास का ध्येय रखकर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। विद्यारंभ संस्कार गायत्री परिवार के संचालक सदस्य मनीराम यादव, केजऊ राम कौशिक, बलिराम यादव के मार्गदर्शन में संगीतमय मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मनोकामना यादव बहनजी एवं आभार प्रदर्शन मिलिंद शेष आचार्य ने किया। कार्यक्रम में आचार्य विरेंद्र दुबे, प्रकाश यादव, शोभित प्रजापति, चंद्रप्रकाश गुप्ता, उत्तम अनंत, शारदा यादव, सुनीता चौबे, राधा चंद्रा, इंद्राणी गुप्ता, सरिता वस्त्रकार, मानसी यादव, अनामिका सूर्यवंशी, चांदनी अनंत, आकांक्षा मिरी, उमा कैवर्त, अंतिमा दुबे, प्रियंका क्षत्रिय सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं भैया बहनें उपस्थित रहीं।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वितरित की गईं घटिया गुणवत्ता की साड़ियां



**तखतपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को वितरित की गई साड़ियों की गुणवत्ता को लेकर असंतोष सामने आया है। घटिया गुणवत्ता, कम लंबाई-चौड़ाई तथा पानी में डालते ही रंग छोड़ने जैसी शिकायतों को लेकर आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने तखतपुर परियोजना अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर साड़ियां वापस कर अपना विरोध दर्ज कराया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ की अध्यक्ष सुचिता शर्मा ने बताया कि, विभाग द्वारा निशुल्क प्रदान की गई साड़ियां पहनने योग्य नहीं हैं। साड़ियों की लंबाई और चौड़ाई कम होने के कारण पहनने में कठिनाई हो रही है, वहीं रंग छोड़ने से उनकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि, कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के लिए अलग-अलग रंग की साड़ियां दी गई हैं, लेकिन घटिया स्तर के कारण इन्हें पहनना संभव नहीं है। संघ की ओर से विभाग को पत्र लिखकर मांग की गई है कि कार्यकर्ताओं को मानक अनुसार उचित आकार एवं अच्छी गुणवत्ता की साड़ियां उपलब्ध कराई जाएं। छोटी और रंग छोड़ने वाली साड़ियों से कार्यकर्ताओं में असंतोष एवं निराशा का माहौल है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने साड़ियां परियोजना कार्यालय में जमा कराते हुए नई, गुणवत्ता-युक्त साड़ियां प्रदान करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आगे आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर सुनीता यादव, पत्रिका टंडन, सुनीता कश्यप, पूर्णिमा सोनी, भागमती वैष्णव, सरिता ठाकुर, अल्का बघेल, शीतला, ममता सिंह, सुषमा तिवारी, जानकी देवागन, मीना देवांगन दिव्या देवांगन, गीता धुरी, श्वेता ठाकुर, संगीता जायसवाल सुरेखा, प्रीति कुर्रे, सरिता ठाकुर, दीपा ठाकुर, जानकी वैष्णव, शबाना परवीन, रमा शर्मा, सरोज देवांगन, राजकुमारी, सविता पांडेय, कार्यकर्त्ता सविता पांडेय सहायिका, नीतू टंडन, लाजवंती देवांगन, कृष्णा पोर्ते सहित अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका मौजूद रहे।

### कौशिक के शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर आज

**सीपत।** अपने देश की रक्षा करते हुए कर्तव्यप थ पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद विनोद कौशिक की शहादत



दिवस के अवसर पर शनिवार 24 जनवरी को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल सीपत में रक्त परीक्षण एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर अंचल के चार वीर सपूतों सीपत के शहीद विनोद कौशिक, सोंठी-पिपरानार के शहीद धनीराम ठाकुर, कुकदा के शहीद किरीत पटेल तथा नरगोड़ा के शहीद वीरेंद्र कैवर्त को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में सीआईएसएफ डिप्टी कमांडेंट एनटीपीसी कपिल सुधाकर कामडी उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शहीद विनोद कौशिक के पिता उमाशंकर कौशिक, नरगोड़ा शहीद परिवार से घासीराम कैवर्त, पिपरानार शहीद परिवार से रत्नाबाई ठाकुर तथा कुकदा शहीद परिवार से रामायण पटेल मौजूद रहेंगे।

# पोड़ी संकुल में मना वार्षिकोत्सव

## बच्चों ने बिखेरी छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत




बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को संकुल केंद्र पोड़ी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल पोड़ी के संयुक्त तत्वाधान में पोड़ी में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन ने पूरे ग्राम को उत्सवमय वातावरण से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पोड़ी सरपंच सूर्यप्रकाश शेष उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, जनपद सदस्य अनिता विजय गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि किशन धुलिया, प्राचार्या माला पाल, संकुल शैक्षिक समन्वयक रामबाबू कर्ष, अर्चना केशर, प्रधानपाठक क्षेमकरण श्रीवास, पूर्व सरपंच रामकुमार कुम्भकार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, एसएमसी अध्यक्ष, पंच एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। शाला परिवार ने सभी अतिथियों का साल एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। मुख्य अतिथि पोड़ी सरपंच सूर्यप्रकाश शेष ने कहा कि, पोड़ी के लिए यह गर्व का विषय है कि, हमारे संकुल के विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं। बच्चों में छिपी प्रतिभा को मंच देकर उनका आत्मविश्वास बढ़ाना ही सच्ची शिक्षा है। संकुल शैक्षिक समन्वयक रामबाबू कर्ष ने कहा कि, पोड़ी संकुल का यह वार्षिकोत्सव हमारे लिए केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। हमारा उद्देश्य बच्चों को किताबों तक सीमित न रखकर उनके भीतर छिपी कला, संस्कृति और नेतृत्व क्षमता को मंच देना है। आज हमारे बच्चों ने यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र का विद्यार्थी भी किसी से कम नहीं है। शिक्षक, पालक और समाज तीनों मिलकर यदि आगे बढ़ें, तो संकुल पोड़ी शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करेगा। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, गीत, नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्थानीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। बच्चों की प्रतिभा देखकर अतिथि एवं उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गए।

# माघी पूर्णिमा पर सागर में लगेगा मेला

## जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने लिया मेला स्थल का जायजा



**सकरी।** प्रत्येक वर्ष मांघी पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम सागर स्थित पुण्य सरोवर में परंपरागत मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 1 फरवरी रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर सागर मइया की आराधना करेंगे। मेले में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मेला परिसर का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राकेश तिवारी एवं जनपद सीईओ सत्यव्रत तिवारी ने पुण्य सरोवर सागर, स्नान घाट, मेला क्षेत्र, आवागमन मार्ग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई एवं सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि, मेला केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपरा का भी प्रतीक है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों के लिए सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। वहीं जनपद सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि, स्नान घाटों पर फिसलन रोकने, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, गोताखोरों की तैनाती एवं यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान सरपंच प्रतिनिधि दशरथ पाण्डेय, सेवा सहकारी समिति खजुरी अध्यक्ष दिनेश शर्मा, पंच आनंद अवस्थी, अर्जुन केवट, मनोज साहू,मनीष तिवारी, डॉ प्रवीण तिवारी, हिमांशु शर्मा, पंकज कौशिक, प्रदीप कौशिक, सुरेश यादव, रामनारायण कौशिक, उपयंत्री अनुराधा यादव, सचिव सुनीता यादव, शिव कौशिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### झुंड से भटक कर गांव पहुंचा चीतल, कुत्तों ने किया घायल



**लोरमी।** ग्राम बोडतरा कला में जंगल से भटक कर आए नर चीतल को लावारिस कुत्तों के झुंड ने काटकर घायल कर दिया। वन विभाग की टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद चीतल को कानन पेंडारी को सौंपा। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर 1 बजे ग्राम बोडतरा कला के ग्रामीणों ने डीएफओ अभिनव कुमार को सूचित किया, कि एक चीतल का बच्चा गांव पहुंच गया है, जिसे कुत्तों ने घायल कर दिया है। सूचना पर एसडीओ दशांश सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में खुड़िया वनपरिक्षेत्राधिकारी रविन्द्र धीरी एवं रुद्र कुमार राठौर की टीम ने गांव पहुंच कर घायल नर चीतल को कब्जे में लेकर प्राथमिकी उपचार कराया एवं इसके बाद कानन पेंडारी को सुपुर्द किया। ज्ञात हो कि, इस समय खेतों में तिवरा, अरहर की फसल खाने चीतल का झुंड ग्रामीण इलाकों में पहुंचते हैं। इसी झुंड से अगल होकर चीतल भटकते हुए गांव पहुंच गया, जिसे लावारिस कुत्तों ने घायल कर दिया। चीतल की उम्र लगभग ढाई वर्ष बताई जा रही है।










## खबर संक्षेप

### शोभा टाह की 19 वीं पुण्य स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**बिलासपुर।** शोभा टाह फाउंडेशन द्वारा श्रीमती शोभा टाह की स्मृति में प्रति वर्ष आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रविवार को 25 जनवरी को आयोजित है। इस वर्ष उनकी 19वी पुण्य



स्मृति में शोभा टाह फाउंडेशन के संस्थापक अनिल टाह द्वारा स्वामी आत्मानंद उमा विद्यालय चिंगराजपारा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 25 जनवरी रविवार को किया जा रहा है जो कि शोभा टाह फाउंडेशन एवं आईएमए के विशेष योगदान से किया जा रहा है। जिसमें नेत्र रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, दंत रोग, अस्थि रोग, चर्म रोग, मधुमेह रोग, सिकल सेल, रक्त परीक्षण, नाक, कान, गला रोग, आयुर्वेद चिकित्सा, होम्योपैथी चिकित्सा, विकलांग बच्चों की जांच, फिजियोथेरिपी एवं निःशुल्क चश्मा, ट्राइसाइकिल और हियरिंग मशीन वितरण किया जाएगा। इस वर्ष शिविर में सुप्रीम कोर्ट (दिल्ली) की अधिवक्ता सुनीता ओझा अपनी विधिक सहायता भी निशुल्क प्रदान करेगी।

### श्री पब्लिक स्कूल चिंगराजपारा का वार्षिकोत्सव आज

**बिलासपुर।** श्री पब्लिक स्कूल चिंगराजपारा में वार्षिकोत्सव 24 जनवरी को मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। इसके मुख्य अतिथि चिंगरापारा वार्ड क्रमांक 54 की पार्षद रानी शैलेष देवांगन हैं। समारोह के विशिष्ट अतिथि तारणी शुक्ला होंगी। इस दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा संस्थान की वार्षिक गतिविधियों के दौरा शाला प्रबंधन द्वारा बच्चों के कल्याण के लिए किए गए कार्यों व उपलब्धि तथा पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### मनरेगा बचाओ संग्राम प्रदेश समन्वय समिति में विजय शामिल

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा को कमजोर किए जाने के खिलाफ चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम



के सफल एवं प्रभावी आयोजन के लिए प्रदेश स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। यह आठ सदस्यीय समिति विधायक उमेश पटेल के संयोजकत्व में बनाई गई है जिसमें बिलासपुर से पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा के स्थान पर वीबी-जी राम जी लाया जा रहा है। इसलिए कांग्रेस पार्टी ने इसके खिलाफ अभियान छेड़ रखा है और मनरेगा बचाओ संग्राम चल रहा है। मनरेगा बचाओ संग्राम के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संग्राम के सफल संचालन के लिए विधायक उमेश पटेल के संयोजकत्व में प्रदेशस्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। इसमें बिलासपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी के संगठनात्मक क्षमता और राजनीतिक अनुभव को देखते हुए सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

### इंडियन ओवरसीज बैंक कर्मचारियों ने स्टाफ नियुक्ति की मांग को लेकर दिया धरना




**बिलासपुर।** इंडियन ओवरसीज बैंक कर्मचारियों ने स्टाफ नियुक्ति की मांग को लेकर 23 जनवरी को देश व्यापी धरना प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया ओवरसीज बैंक एम्प्लॉइज यूनियन के बैनर तले आयोजित यह प्रदर्शन भारत के विभिन्न सेंटर्स पर एक साथ संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंतर्गत रायपुर, दुर्ग एवं बिलासपुर- इन तीन प्रमुख सेंटर्स पर धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें आसपास की सभी शाखाओं के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस अवसर पर ऑल इंडिया ओवरसीज बैंक एम्प्लॉईज यूनियन के उपाध्यक्ष बिभूति कुमार सिन्हा ने बताया कि देशभर में इंडियन ओवरसीज बैंक की लगभग सभी शाखाओं में स्टाफ सदस्यों की गंभीर कमी है। उन्होंने इन मुद्दों को लेकर 2 एवं 3 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। इस धरना प्रदर्शन में यूनियन के उपाध्यक्ष (ईस्ट जोन) विभूति कुमार सिन्हा, सहायक महासचिव योगेश कुमार, रीजनल कमिटी सदस्य जागेश्वर राम सोनकर, प्रियंका तिवारी, सुभाष अग्रवाल, अभ्युदय वर्मा, नयन तिर्की, सोमनाथ जांघेल, सुव्रत बेपारी, रचना बंजारी, अभिषेक महाजन, कमल शील गजभिए, प्रवेश मोदी, सुनील कुमार, खेम लाल, शांति बिरुवा, नितिन शर्मा, रत्नेश कुमार, राहुल गजभिए, श्वेता वर्मा, हेमंत कोहड़े, रूपक कर्माकर आदि मौजूद थे।

### जीडीसी की छात्राओं ने किया धार्मिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा 13 जनवरी से 21 जनवरी तक आयोजित 9 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस भ्रमण में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय की कुल 49 छात्राओं ने सहभागिता की। महाविद्यालय के प्राचार्य डा एसआर कमलेश के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष डा बीआर चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस भ्रमण के अंतर्गत छात्राओं ने कन्याकुमारी में विवेकानंद राक मेमोरियल का अवलोकन किया तथा सूर्योदय एवं सूर्यास्त के मनोहारी दृश्य का अनुभव प्राप्त किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्राओं ने कन्याकुमारी में 133 फीट ऊँची वल्लुवर प्रतिमा, भगवती अम्मन मंदिर, त्रिवेणी संगम, गांधी मंडपम आदि शंकराचार्य प्रतिमा, सुचिंद्रम मंदिर तथा 18 फीट ऊँची हनुमान प्रतिमा के दर्शन किए। छात्राओं ने पंबन ब्रिज, अग्नि तीर्थम सागर तट पर स्नान कर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। सांची हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, लक्ष्मण तीर्थम, सीता तीर्थम तथा श्री रामचंद्र मंदिर के दर्शन किए। छात्राओं ने भारत रत्न डा ए. पीजे अब्दुल कलाम संग्रहालय का भी भ्रमण किया, जहाँ उनके जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुईं। भ्रमण के अंतिम चरण में मदुरई स्थित विश्वविख्यात मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा–अर्चना कर छात्राओं ने भारतीय स्थापत्य कला एवं धार्मिक परंपराओं की अद्भुत छटा का अनुभव किया।

**यूनिवर्सिटी की स्टेंडिंग कमेटी में लिया गया फैसला** | **यूजीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर में कार्यरत हैं सभी कर्मचारी**

# सीयू के 6 नियमित कर्मचारियों की नौकरी संविदा में बदलेगी, मचा हड़कंप

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एक अजीबों-गरीब फैसले ने सभी को चौंका दिया है। यूनिवर्सिटी के यूजीसी मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में नियमित कर्मचारियों के रूप में भर्ती किए गए टेक्निकल आफिसर, सेक्शन आफिसर से लेकर 6 कर्मचारियों की नौकरी को संविदा नियुक्ति में बदला जा रहा है। असल में एमएमटीटीसी में संविदा नियुक्ति की जगह पर यूनिवर्सिटी ने गैर शैक्षणिक पदों पर नियमित नियुक्ति कर दी थी और अब यूजीसी से इस संबंध में पत्र आने के बाद यूनिवर्सिटी में हड़कंप मच गया है।

यूजीसी मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर का नाम पहले एचआरडीसी था और उससे पहले एकेडमिक स्टाफ कालेज था जो बदलकर अब एमएमटीटीसी हो गया है। यह एक तरह से यूजीसी का टीचर ट्रेनिंग सेंटर है, जहां पर टीचरों को ओरिएंटेशन




कोर्स, रिफ्रे कोर्स जैसे ट्रेनिंग प्रोग्राम होते हैं। यूजीसी से इस संबंध में पत्र आने के बाद गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में आनन-फानन में 20 जनवरी को एकेडमिक कौंसिल की स्टेडिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें यह मामला पहले एजेंडे में शामिल नहीं था बाद में इसे बैठक में रखा गया। स्टेडिंग कमेटी में यूजीसी के पत्र के बारे में चर्चा हुई और एमएमटीटीसी अंतर्गत विभिन्न गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्तियों की शर्तों में परिवर्तन किए जाने की संस्तुति की गई तथा इन्हें कार्यकालिक नियमिति नियुक्ति के स्थान पर संविदा नियुक्त के रूप में रूपांतरित किए जाने का निर्णय लिया गया है। यूजीसी के पत्र में एमएमटीटीसी में आवश्यकतानुसार संविदा आधार पर सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने की बात कही गई है। स्टेडिंग कमेटी के इस निर्णय की भनक लगते ही यूनिवर्सिटी के टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी के कर्मचारी सकते में आ गए हैं, क्योंकि अब इन कर्मचारियों की नियमित नौकरी पर तलवार लटकने लगी है और कभी भी यूनिवर्सिटी प्रशासन से कर्मचारियों की नियमित नियुक्ति को संविदा नियुक्ति में रूपांतरित किए जाने का आदेश जारी हो सकता है। इसके साथ ही इन सभी कर्मचारियों से जिन पदों पर ये कार्यरत थे उसका जितना वेतन भुगतान किया गया है उस आधिक्य भुगतान राशि कर्मचारियों से वापस ली जाएगी।

### 2023 में निकाला गया था विज्ञापन

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के यूजीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए 17 मई 2023 को विज्ञापन निकाला गया था। इस विज्ञापन के अनुसार टेक्नीकल आफिसर ,सेक्शन आफिसर, जूनियर असिस्टेंट, सीनियर असिस्टेंट, हास्टल अटेडेंट, मल्टी टास्किंग स्टाफ इन 6 पदों पर भर्ती की गई थी। यूनिवर्सिटी में 20 जनवरी को एकेडमिक कौंसिल के स्टेडिंग कमेटी में जिन गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के संबंध में निर्णय हुआ है वे 2023 वाले विज्ञापन वाले पद हैं।

### ज्यादातर यूनिवर्सिटी स्टाफ के रिश्तेदार

इन कर्मचारियों में से टेक्नीकल आफिसर प्रिती शुक्ला यूनिवर्सिटी में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर गणेश शुक्ला की पत्नी तथा सेक्शन आफिसर आरची वर्मा एमबीए डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रेमशंकर द्विवेदी की पत्नी एवं जूनियर असिस्टेंट रूपाली उपाध्याय कुलपति के बंगला के कर्मचारी की पुत्री और सीनियर असिस्टेंट हेमंत यादव रिटायर कर्मचारी बाबूलाल यादव के पुत्र बताए जा रहे हैं। यह भी चर्चा का विषय है कि इतने सारे कर्मचारी यूनिवर्सिटी के ही स्टाफ के रिश्तेदार हैं जिनकी नियुक्ति एमएमटीटीसी में हुई थी।

### इन लोगों की नियमित नौकरी पर संविदा की तलवार

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर में कार्यरत जिन 6 लोगों की नियमित नौकरी को संविदा में तब्दील किए जाने का खतरा मंडराने लगा है उनमें एमएमटीटीसी टेक्नीकल आफिसर प्रिती शुक्ला, सेक्शन आफिसर आरची वर्मा, जूनियर असिस्टेंट रूपाली उपाध्याय, सीनियर असिस्टेंट हेमंत यादव, हास्टल अटेडेंट सुरेश कुमार, मल्टी टास्किंग स्टाफ गणेश प्रसाद यादव का नाम शामिल हैं।

### निकाला नहीं जा रहा है

एमएमटीटीसी टीचर सेंटर हैं, जहां पर टीचरों का रिफ्रेसर ट्रेनिंग आदि प्रोग्राम होते हैं। इस सेंटर में गैर शैक्षणिक पदों पर जो भर्ती किए गए थे, उन्हें निकाला नहीं जा रहा है। उनकी नियुक्ति को संविदा में तब्दील किए जाने का निर्णय स्टेडिंग कमेटी ने इसलिए लिया है, क्योंकि यूजीसी का पत्र आया है जिसमें संविदा नियुक्ति करने कहा गया है।

-प्रो. मनीष श्रीवास्तव
मीडिया प्रभारी, सीयू

**आदेश मिलने के बाद वन विभाग प्रस्ताव बनाकर भेजेगा शासन को**

# स्मृति वाटिका को सैलानियों के लिए दिया जाएगा नया स्वरूप, बनेगा पिकनिक स्पॉट






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जर्जर स्मृति वाटिका को नए स्तर से संवारने और एक नया स्वरूप देने के लिए वन विभाग ने तैयारी शुरु कर दी है, जिसमें बच्चों के लिए एक अलग गार्डन के साथ सैलानियों के लिए पिकनिक स्पॉट व अन्य कार्य किए जाएंगे। जनप्रतिनिधियों से आदेश मिलने के बाद विभाग प्रस्ताव बनाना शुरु कर दिया है।

बिलासपुर वन मंडल से कानन पेण्डारी जू और 25 अप्रैल 2002 को बनाई गई स्मृति वाटिका अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व की जिम्मेदारी में आ गई है। स्मृति वाटिका को बनाने का मुख्य उद्देश्य था कि कानन पेण्डारी जू में भ्रमण के लिए पहुंचने वाले सैलानी वाटिका का भ्रमण कर पिकनिक मना सके। वाटिका बनने के 6 माह तक भ्रमण करने वाले सैलानियों की काफी भीड़ भी होती थी, लेकिन धीरे-धीरे सैलानियों का रूझान कम होता गया। वहीं 36 एकड़ की भूमि 20 एकड़ में सिमट गई। वर्तमान में स्मृति वाटिका की स्थिति इतनी अधिक जर्जर हो चुकी है कि चारों ओर खरपतवार के कारण जहरीले जीव जंतुओं के निकलने का खतरा बना रहता है। कई बार यहां सांप भी निकलते हुए देखा जा चुका है। इसे संवारने के लिए कई बार राशि सेंक्शन हो चुकी है, लेकिन करोड़ों की राशि स्वीकृति के बावजूद काम कुछ भी दिखाई नहीं देता है। हालत यह है कि यहां कुछ माह पहले वाटिका को एक नया स्वरूप देने के लिए काम की शुरुआत की थी। पुराने सरोवर के अलावा दीवार को रंग रौगन करने के साथ, गेट से अंदर प्रवेश करने के रास्ते के बीच में बत्तख और हाथी की मूर्ति बनाई गई थी। बत्तख की मूर्ति से पहले एक हाथी की मूरत बनाने के लिए विशेष घास का उपयोग करना था, लेकिन हाथी की प्रतिमा को बनाने के लिए घास के स्थान पर जीआई तार का उपयोग कर उसके ऊपर पालीथीन लगा दी गई।

### जनप्रतिनिधियों ने दिया आदेश

कुछ दिन पहले बिलासपुर वन मंडल के एक कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और शासन के बड़े नेता भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम के उपरांत सभी जनप्रतिनिधियों के साथ रायपुर से आए पीसीसीएफ व दूसरे अधिकारियों ने स्मृति वाटिका का जीर्णोद्धार करने का आदेश बिलासपुर वन मंडल के अफसरों को दिया था। वाटिका की हालत देखकर सभी ने नाराजगी भी व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने एक साल के अंदर वाटिका की हालत को सुधारने का निर्देश दिया है।

### चारो ओर की जा रही खरपतवार की कटाई

उच्चाधिकारियों से आदेश मिलने के बाद विभागीय अफसरों ने भी अब स्मृति वाटिका की ओर ध्यान देना शुरु कर दिया है। इस दौरान प्रथम चरण में वाटिका के चारों ओर खरपतवार की कटाई के अलावा, टेढ़े-मेढ़े लकड़ी को सीधा करने व अन्य कार्यों को किया जा रहा है।

### नहीं हैं बाउंड्रीवाल

स्मृति वाटिका को बनाने के बाद सुरक्षा करने के लिए चारों ओर लाखों रुपए के फेंसिंग और पोल की खरीदी कर लगाए गए थे, ताकि वाटिका के अंदर लगे हरे-भरे पौधों को मवेशियों और अन्य लोगों से किसी तरह का नुकसान न पहुंच सके। वर्तमान स्थिति में वाटिका के पीछे के रास्ते में बाईपास बन चुका है। यहां बाउंड्रीवाल के नाम पर कुछ भी व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण कारण ग्रामीण और मवेशी किसी भी समय अंदर घुस जाते हैं।

### पोर्च, पैगोड़ा व पिकनिक स्पॉट

वन विभाग के अफसर स्मृति वाटिका के लिए एक स्तर से प्रोजेक्ट बना रहे हैं। इसमें फूड प्लाजा, काफी हाउस के अलावा बच्चों के खेलने के लिए एक अलग गार्डन, सैलानियों के पिकनिक मनाने के लिए एक अलग जगह, पोर्च, पैगोड़ा व अन्य कार्य किए जाएंगे। इसके लिए ड्राइंग व डिजाइन बनाना शुरु कर दिया गया है।

### नए स्तर पर प्रोजेक्ट

स्मृति वाटिका सैलानियों के भ्रमण और पिकनिक के लिए एक अच्छी जगह है। इसकी हालत काफी खराब है। इसे संवारने के लिए प्रोजेक्ट बनाकर भेजा जाएगा। स्मृति वाटिका को नए स्वरूप में ढालने के लिए ड्राइंग व डिजाइन भी तैयार की जा रही है, जिसके पूरा होने के बाद प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजेंगे।

-नीरज कुमार, डीएफओ,
वन मंडल बिलासपुर

# 26 के बाद पुराने कमिश्नर आफिस में शिफ्ट होगा तहसील कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का समारोह संपन्न होने के बाद नेहरू चौक स्थित तहसील व एसडीएम कार्यालय मुंगेली नाका स्थित पुराने कमिश्नर कार्यालय में शिफ्ट हो जाएगा। इस संबंध में सारे शाखा प्रमुखों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। नेहरू चौक में वर्तमान तहसील भवन को तोड़कर नया बनाया जाना प्रस्तावित है। भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो इससे पहले ही भवन को खाली किया जा रहा है।

■ तहसील भवन के नए कार्यालय का निर्माण प्रारंभ होने के पहले तैयारी शुरू

तहसील आफिस की नई बिल्डिंग के निर्माण को शासन की मंजूरी दी जा चुकी है। ड्राईंग-डिजाईन बनकर तैयार है, वहीं राशि का इंतजार किया जा रहा है। राशि प्राप्त होते ही टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर भवन के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। नए भवन के निर्माण से पहले पुराने भवन को ध्वस्त किया जाएगा। ऐसे में तहसील का कामकाज बाधित हो जाएगा। यही कारण है कि तहसील के कामकाज में किसी भी प्रकार की बाधा न आए इससे पहले ही कार्यालय को अन्यत्र शिफ्ट किया जा रहा है। कमिश्नर कार्यालय के लिए कोनी में भव्य भवन तैयार किया गया है, जहां हाल ही में कार्यालय शिफ्ट भी किया जा चुका है। आज की स्थिति में सर्किट हाउस के ठीक बाजू में मुंगेली नाका चौक स्थित पुराना कमिश्नर कार्यालय पूरी तरह खाली है। पुराने कमिश्नर कार्यालय को तहसील कार्यालय की सभी शाखाओं के लायक पर्याप्त होने या छोटा पड़ने को लेकर अधिकारियों द्वारा भवन का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया था, जिसमें भवन को तहसील कार्यालय संचालन के लायक उपयुक्त पाया गया है। ऐसे में 26 जनवरी के बाद इसी भवन में तहसीली शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया है।

### तीन मंजिला भव्य बिल्डिंग बनेगी

तहसील भवन के लिए करीब डेढ़ साल पहले कोनी में जमीन देखी गई थी, लेकिन शहर से थोड़ा दूर होने के कारण पक्षकारों एवं वकीलों की परेशानी के मद्देनजर वकीलों के द्वारा कोनी में निर्माण का विरोध किया गया था। आखिरकार प्रशासन द्वारा नया भवन अब नेहरू चौक पर पुरानी बिल्डिंग के स्थान पर ही बनाने का निर्णय लिया गया है। प्रस्तावित नई तहसील बिल्डिंग को तीन मंजिला और प्रदेश स्तर पर भव्य बनाने की योजना है। इस संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा भी पूर्व में कहा गया था तहसील का नया भवन राज्य स्तरीय बनाया जाएगा, जो बिलासपुर की पहचान बने।

### दिया गया है निर्देश

6 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के बाद तहसील भवन से दस्तावेजों की शिफ्टिंग पुराने कमिश्नर कार्यालय में प्रारंभ कर दी जाएगी। इस संबंध में सारे शाखा प्रमुखों को निर्देशित किया गया है।

-मनीष साहू, एसडीएम बिलासपुर



हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## विद्यार्थियों को बुक्स पोस्टकार्ड बांटा गया



**बिलासपुर**। वसंत पंचमी के पर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा स्कूली छात्राओं को फ़िलाटेली एवं बुक्स रीडिंग के लिए जागरुक करने प्रेषित किया गया। बुक्स एवं पोस्टकार्ड विद्यार्थियों को प्रदान करने अधीक्षक डाकघर विनय प्रसाद के नेतृत्व में प्रधान डाकघर परिसर में केंद्रीय विद्यालय, डीपीएस, आधारशिला विद्या मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों को बुक्स एवं पोस्टकार्ड प्रदान किया गया। छात्रों को डाक विभाग की योजनाओं एवं फ़िलाटेलिक का महत्व, डाकघर की कार्यप्रणाली से संबंधित समस्त जानकारी क्विज के माध्यम से दी गई एवं पुरस्कार भी वितरित किया गया।

प्रेस वार्ता

## गजलों की महफिल 25 को सजेगी यह शब्द नहीं, बल्कि रूह की आवाज

**बिलासपुर**। रिवायती ग़ज़लों की एक विशेष संध्या "रिवायत" 25 जनवरी रविवार को शाम 6.30 बजे लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में शहर की प्रसिद्ध शास्त्रीय, भजन एवं ग़ज़ल गायिका श्रुति प्रभला अपनी सुमधुर गायकी प्रस्तुत करेंगी। शुक्रवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार-वार्ता में श्रुति प्रभला ने कहा कि रिवायती ग़ज़लें केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति होती हैं। उन्होंने बताया कि आम तौर पर प्रचलित ग़ज़लें गीतनुमा होती हैं, जो सरल भाषा में लिखी जाती हैं, जबकि रिवायती ग़ज़लें गहरे भाव और गंभीर अनुभूति से उपजी होती हैं। इन ग़ज़लों के जज़्बात केवल सुनने से नहीं, बल्कि दिल से महसूस करने पर समझ में आते हैं। उन्होंने एक शेर पढ़ा "अगर तू इत्तिफ़ाक़न मिल भी जाए, तिरी फ़ुर्क़त के सदमे कम न होंगे" श्रुति ने कहा कि उर्दू ज़ुबान में रची गई ग़ज़ल का हर शेर श्रोता की आत्मकथा बनकर उभरता है। उन्होंने आगे कहा "मसर्रतों की तलाश में है मगर यह दिल जानता नहीं, अगर ग़म-ए-ज़िंदगी न हो तो ज़िंदगी में मज़ा नहीं।



उपलब्धि

## अनुराज ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया नाम



**बिलासपुर** । शहर के 4 वर्षीय बालक अनुराज शुक्ला ने अपने प्रयास से राज्य में विशेष पहचान बनाई है। छोटे अनुराज ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराकर यह साबित कर दिया कि सच्ची प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता उम्र की सीमा नहीं जानती। अनुराज ने मात्र तीन महीने में सड़क पर रह रही 400 से अधिक गायों के गले में रेडियम बेल्ट बांधकर उन्हें सड़क दुर्घटनाओं से बचाने का अनोखा कार्य किया। अनुराज को यह साहस और प्रेरणा उनकी माता अंकिता शुक्ला से मिली, जो स्वयं नेशनल यूथ अवार्डी, छत्तीसगढ़ की पहली पुरस्कृत महिला हैं इंडिया बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्डी एवं नारी रत्न सम्मानित हैं। इसके अलावा उन्हें स्नैक कैचर अजिता पाण्डेय से भी मार्गदर्शन मिला। अनुराज की माता अंकिता ने कहा कि बच्चों को बचपन से संस्कार देना अत्यंत आवश्यक है। अनुराज ने कहा कि वे आगे भी प्रकृति व जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए कार्य करेंगे।

कार्यक्रम

## स्वयं सिद्धा फाउंडेशन ने छात्राओं को बांटे स्वेटर, बच्चों के चेहरों पर मुस्कान



**बिलासपुर**। ठंड के मौसम में जरूरतमंद स्कूली बच्चों को राहत देने के उद्देश्य से स्वयं सिद्धा फाउंडेशन द्वारा तखतपुर के कन्या शाला स्कूल में स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 275 छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। स्वेटर वितरण के बाद उन्होंने स्वयं बच्चों को मध्यान्ह भोजन अपने हाथों से परोसा और आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए स्कूल में ठंडे पानी के लिए वाटर फिल्टर उपलब्ध कराने की घोषणा भी की। नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि "बसंत पंचमी जैसे पावन दिन पर शिक्षा के इस मंदिर में सेवा करने का अवसर मिला, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है।





विद्यानगर स्थित गायत्री मंदिर में वसंत पंचमी पर सुबह से नवकुण्डीय यज्ञ के साथ विभिन्न कार्यक्रम व पूजन किया गया।

# वसंत पंचमी पर संस्थाओं-मंदिरों में मां सरस्वती की पूजा

बिलासपुर। वसंत पंचमी के अवसर पर शहर के स्कूल-कॉलेज,मंदिर व विभिन्न संस्थाओं द्वारा सरस्वती माता की शुक्रवार को जगह-जगह देवी की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। शिक्षण संस्थानों व मंदिरों में हवन,भंडारा, विद्यारंभ व कई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में वसंत पंचमी पर विशेष प्रार्थना सभा







**बिलासपुर**। दिल्ली पब्लिक स्कूल में वसंत पंचमी पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह ने देवी सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए पुष्पांजलि समर्पित की। प्रार्थना सभा का संचालन अदिति राठौर ने किया। शब्द आरव शाह सुविचार, अरनव अग्रवाल, समाचार वाचन वर्तिका अग्रवाल, भाषण स्वरा पांडे, प्रश्नोत्तरी अद्विता यादव तथा शपथ पूनम ने दिलाई। संस्था प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मां सरस्वती से जीवन में सद्बुद्धि विवेक और ज्ञान बनाए रखने के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर समस्त विद्यार्थी और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।



सीएमडी चौक स्थित उद्योग भवन में महिला उद्यमी मेले पर चित्रकला स्पर्धा में बच्चों ने उकेरे चित्र।

## पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच ने की सरस्वती पूजा



पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच द्वारा वसंत पंचमी मनाई गई, मां सरस्वती की विधि विधान के साथ पूजा की गई। तोरवा स्थित छठ घाट में भी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की जाती है। असल में असम, बंगाल, उड़ीसा और बिहार में सरस्वती पूजन एक बड़ा सार्वजनिक उत्सव है। इस परंपरा को बिलासपुर में पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच और मिथिलांचल के प्रवासियों ने कायम रखा है, जिनके द्वारा इस वर्ष भी तोरवा छठ घाट स्थित भवन में भव्य आयोजन किया गया। आकर्षक सजावट के बीच देवी की मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार दास, सुधीर झा, धनंजय झा, सतीश सिंह,पंडित विद्यानंद झा, जगदानंद झा,पीसी झा, चंदन सिंह,डॉ कुमुद, विनोद विनोद सिन्हा, अक्ष झा,मनीष झा, आशीष चौधरी आदि उपस्थित रहे।



### श्याम बाबा का राजसी श्रृंगार

घोघा बाबा मंदिर परिसर में वसंत पंचमी पर खाटू श्याम का गेंदा,सेवंती के फूलों से बाबा का राजसी श्रृंगार किया गया। वहीं उनके पुराने वस्त्रों को पंडित द्वारा वितरित किया गया।

## वसंत पंचमी पर हवन-पूजन



अक्षय गुरुकुल स्कूल विनोबानगर में वसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित सरस्वती पूजा में छात्र छात्राओं के साथ अभिभावक व शिक्षक उपस्थित रहे। हवन पूजन के साथ बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। बच्चों को आशीर्वाद दिया गया कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्वेता सिंह एवम संचालक डी पी नवगवाल सहित गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## सेजेस सेंदरी की छात्राओं ने दी प्रस्तुति




सेजेस सेंदरी में बसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य संगीता पाण्डेय द्वारा माँ सरस्वती की छाया चित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर विद्यालय के उन्नति एवं प्रगति की कामना की। उन्होंने बच्चों से शिक्षा, विनय, विनम्रता और अच्छे संस्कार ग्रहण करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बच्चों के द्वारा विविध कार्यकम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता साधना शर्मा ने किया।

## स्कूल में छात्रों को विद्यारंभ संस्कार



न्यू मॉडर्न स्कूल चांटीडीह में बसंत पंचमी के पर सरस्वती पूजा एवं विद्यारंभ संस्कार कराया गया। मुख्य अभ्यागत डॉक्टर शकुंतला जितपुरे,डॉक्टर रश्मि जितपुरे एवं साहू समाज की अध्यक्ष विंध्यवासिनी साहू उपस्थित रही। मुख्य अभ्यगतो द्वारा विद्यार्थियों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यादायिनी मां सरस्वती की पूजा आराधना की गई।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ



गायत्री शक्तिपीठ में वसंत पर्व और माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी, पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक अवतरण पर श्रद्धा व कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सभी गायत्री परिजनों एवं श्रद्धालुओं ने नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं दीप यज्ञ में भाग लेकर अपनी श्रद्धा सुमन समर्पित किये। द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का संचालन शत्रुघ्न कश्यप, जे लाल, दीक्षा पटेल, सुशीला यादव, मालती मिश्रा, मनोहर दास ने किया। तत्पश्चात रामगोपाल कश्यप एवं उर्मिला विश्वकर्मा ट्रस्टीगण के द्वारा सामूहिक भोग भंडारा का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर राष्ट्रीय साहित्यकार डॉ बृजेश सिंह ने वसन्त पंचमी की महत्ता एवं परम पूज्य गुरुदेव के आध्यात्मिक जन्म दिवस उत्सव पर संदेश दिए। इस दौरान दीक्षा-यज्ञोपवीत, विद्यारंभ,मुण्डन संस्कार संपन्न हुआ।

## लायंस क्लब वसुंधरा ने गीत-संगीत की दी



लायंस क्लब वसुंधरा ने अपनी जनवरी माह की बीओडी मीटिंग रखी, जिसमें सरस्वती पूजन के साथ-साथ सरस्वती वंदना की गई। सचिव अर्चना तिवारी ने हल्दी कुमकुम का उपहार दिया गया एवं सुहाग सामग्री बांटी। अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा ने बसंत पंचमी का गेम खिलाया जिसमें मंजू मिश्रा, हंसा सेलारका, प्रथम, उषा मुदलियार शारदा कश्यप सेकंड, अर्चना तिवारी संजना मिश्रा थर्ड, चांदनी सक्सेना विनीता मिश्रा फोर्थ विजेता हुए।

## बसंत पंचमी मनाई गई



युवा विकास एवं जनकल्याण संस्था द्वारा बसंत पंचमी का पावन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यगणों, प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि यह पर्व ज्ञान, विद्या, कला एवं संस्कारों का प्रतीक है तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

## सकारात्मक सोच व आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक

बसंत पंचमी केवल ऋतु परिवर्तन का पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मिक चेतना के नवजागरण और जीवन में सकारात्मकता के संचार का दिव्य संदेश लेकर आता है। उक्त विचार ब्रह्मा कुमारीज की मुख्य शाखा, टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके संतोषी दीदी ने बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जैसे प्रकृति में बसंत का आगमन हरियाली, पुष्पों और मधुर सुगंध से वातावरण को उल्लासमय बना देता है, वैसे ही मानव जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान का उदय आत्मा को शांति, पवित्रता और प्रेम से परिपूर्ण कर देता है।



बीके संतोषी दीदी ने बताया कि भारतीय संस्कृति में बसंत पंचमी को विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना का विशेष दिन माना जाता है। यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि सच्चा ज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्म-परिचय और ईश्वर-परिचय के माध्यम से ही जीवन में वास्तविक परिवर्तन आता है। उन्होंने कहा, "जब हम स्वयं को शरीर नहीं, बल्कि एक शांत, पवित्र और शक्तिशाली आत्मा के रूप में पहचानते हैं, तभी हमारे विचार, बोल और कर्म में मधुरता और संतुलन स्वतः प्रकट होने लगता है।

## चलाया गया जागरूकता अभियान




युथ फॉर नेशन एनजीओ के तरफ से कोटा क्षेत्र के आदिवासी एवं बसरा जाति बाहुल्य ग्राम करगीकला में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। शिविर के माध्यम से 400 ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा,विधिक जागरूकता को लेकर जागरूक किया गया, साथ ही बंधुवा मजदूरी, बाल विवाह, भिक्षा वृत्ति एवं अपराध से बचने प्रेरित किया।

## मां सरस्वती की पूजा की गई




लाइफ लाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल मसानगंज में बच्चों के द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल की वाइस प्रिंसिपल रश्मि सोनी, सहयोगिता सक्सेना, अनुराधा पांडे,अंजू गुप्ता, गरिमा पांडे, नीलू उपाध्याय, कुमारी प्रियंका देवांगन आदि शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

**खबर संक्षेप**

### घर के सामने से बाइक पार

**बिलासपुर।** घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने निशाना बनाया और शिक्षक की बाइक लेकर फरार हो गए हैं। शिक्षक ने घटना की शिकायत सरकंडा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार नूतन कालोनी जी 14 में रहने वाले गौरीशंकर श्रीवास लाल बहादूर शास्त्री स्कूल में सहायक शिक्षक है। 20 जनवरी की शाम 6 बजे घर पहुंचे और अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 बीवाई8051 को घर के सामने खड़ी कर अंदर चले गए। करीब 10 मिनट के बाद बाहर जाने के लिए निकले, इस दौरान उसनी बाइक मौके पर नहीं थी। उन्होंन बाइक का ढूंढने का प्रयास किया लेकिन नहीं मिल सकी है। शुक्रवार को शिक्षक ने सरकंडा थाने में बाइक चोरी की रिपोर्ट लिखाई है।

### बाइक के सामने आया सांड, दो घायल

**बिलासपुर।** मुंगेली से बिलासपुर आ रहे दो युवक दुर्घटना के शिकार हो गए।





इस दौरान बुजुर्ग को सिर में गंभीर चोट आई है, वहीं युवक का इलाज भी सिम्स में चल रहा है। बताया जा रहा है कि कोंदियापार मुंगेली निवासी 55 वर्षीय राजेन्द्र ध्रुव और 40 वर्षीय संदीप भोजवानी बिलासपुर आ रहे थे। इस दौरान वे दोनों काठाकोनी से पंडारी पहुंचें ही थे कि उनके बाइक के सामने अचानक सांड आ गया। सांड से भिड़ंत के बाद दोनों सड़क पर गिर गए। जिससे राजेन्द्र के सिर पर गंभीर चोट लगी है। पुलिसकर्मी ने उन्हें घायल अवस्था में देख सिम्स अस्पताल पहुंचाया है।

### फरार पशु तस्कर रायपुर से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पशु तस्करी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, 10 सितंबर 2025 को गाड़ी ठूंसकर उत्तर प्रदेश बूचड़खाना ले जाते हुए 17 नग मवेशी पकड़ा गया था। पुलिस फरार मवेशी तस्करों के तलाश में लगी हुई थी। सूचना पर पुलिस ने रायपुर में दबिश देकर व्ही. व्ही विहार मोआ निवासी इरफान कुरैशी पिता सुभान कुरैशी 31 साल को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है।

**सेलून संचालक बेचता है बोतल में पेट्रोल** | **कभी भी रेलवे क्षेत्र में हो सकती है बड़ी दुर्घटना, रेल प्रशासन का भी ध्यान नहीं जा रहा**

# खुलेआम बोतलों में बेचा जाता है पेट्रोल, मंडरा रहा है खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे क्षेत्र में पेट्रोल पंप ओपन करने की अनुमति अफसर देते नहीं, जिसका फायदा उठाकर बुधवारी और आसपास की दुकानों कें साथ सेलून का संचालक बोतल में भरकर पेट्रोल की बिक्री खुलेआम कर रहा है। छोटी-छोटी दुकानों में बोतलबंद पेट्रोल से कभी भी रेलवे क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिसपर रेल प्रशासन का भी ध्यान नहीं जा रहा है।

बिलासपुर रेल मंडल काफी बड़ी एरिया है। यहां तारबाहर चौक से लेकर और जगमल चौक दयालबंद से लेकर रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट तक रेलवे की कालोनियों में रहने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के निवास के अलावा केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय, ग्राउंड एक अलग मार्केट की व्यवस्था के लिए बुधवारी बाजार जहां बरतन, कपड़े से लेकर सब्जियां और सारे जरूरी सामान रेल अफसर और कर्मचारियों को उपलब्ध हो जाते हैं। इसके साथ ही एसईसीआर के जोन मुख्यालय व बिलासपुर रेल मंडल का भवन भी इसी एरिया में आता है, जहां बड़े-बड़े अफसर और कर्मचारी काम करते हैं। रेलवे स्टेशन में शहर और आसपास से जाने वाले लोगों की संख्या भी हजारों में होती है, जो आरक्षण कार्यालय में बुकिंग कराने के अतिरिक्त कहीं बाहर जाने या बाहर जाने वाले यात्रियों को उनके परिजन छोड़ने के लिए जाते हैं। वर्तमान में ज्यादातर लोग आटो और सिटी बस के बजाय स्वयं के वाहन से स्टेशन तक जाना अधिक पसंद करते हैं।

वाहनों की पार्किंग के लिए बिलासपुर रेलवे स्टेशन में अलग से व्यवस्था भी की गई है। वाहन चालकों के लिए सबसे अधिक समस्या पेट्रोल और डीजल की होती है। कभी-कभी अचानक पेट्रोल खत्म होने के कारण लोगों को काफी भटकना पड़ता है। लोगों की गाड़ियों में पेट्रोल खत्म होने का फायदा उन छोटे दुकानदारों को हो रहा है, जो अपने-अपने दुकानों में दूसरे जगह से पेट्रोल लाकर बोतल में भरकर रखकर प्रतिदिन हजारों रुपए की कमाई कर रहे हैं। रेलवे को एक पेट्रोल पंप खोलने से अपने क्षेत्र में खतरा लगता है, वहीं छोटे दुकानों में पेट्रोल बेचने वालों को देखने के बाद रेल प्रशासन बेखबर रहता है।




**सेलून में बिकता है पेट्रोल**

रेलवे क्षेत्र में एक भी पेट्रोल पंप की सुविधा नहीं दी गई है। स्टेशन और आसपास रहने वाले लोगों को पेट्रोल की तलाश में गुरुनानक चौक के आगे राजकिशोर नगर की ओर या फिर तारबहार चौक के आगे पीजीबीटी कॉलेज के अलावा पुलिस पेट्रोल पंप तक की दौड़ लगानी पड़ रही है। अचानक पेट्रोल खत्म होने के कारण लोग पेट्रोल की तलाश रेलवे क्षेत्र में करते हैं। यहां सोलापुरी मंदिर चौक के दाहिने ओर एक ठेले में, बुधवारी बाजार के अंदर गाड़ियों की रिपेयरिंग करने वालों के अलावा सेलून में पेट्रोल की बिक्री बोतल में भरकर 50 से 100 रुपए में लोगों को की जा रही है।

### किसी के लिए सुविधा नहीं

बिलासपुर रेलवे स्टेशन सहित पूरे रेल परिक्षेत्र में कहीं भी एक पेट्रोल पंप की सुविधा रेल प्रशासन ने न तो अपने अफसरों व कर्मचारियों को दी है और न ही दूसरे लोगों को यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जबकि रेलवे परिक्षेत्र में जमीन की कहीं भी कमी नहीं है। इसके बावजूद एक पेट्रोल पंप नहीं होने के कारण सभी को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां एक डीजल पंप की सुविधा सोलापुरी मंदिर के सामने उपलब्ध है, लेकिन इस डीजल पंप में केवल ट्रेनों के डीजल इंजन में ही डीजल भरने का काम किया जाता है।

### पूर्व में किया गया मना

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में एक बार बिलासपुर कालोनी में पेट्रोल पंप ओपन करने के लिए प्रपोजल बनाया गया था। इस प्रपोजल को रेल अफसरों ने इसलिए मना कर दिया क्योंकि कालोनी व रेलवे क्षेत्र में पेट्रोल पंप ओपन होने के बाद बाहर की गाड़ी आने से शोर मचेगा। इससे रेलवे क्षेत्र में रहने वाले अफसरों और कर्मचारियों की सुरक्षा को खतरा होगा, इसके कारण यह प्रपोजल भी ठंडे बस्ते में चला गया।

### भेजा गया था प्रस्ताव

बिलासपुर रेलवे क्षेत्र में पेट्रोल पंप खोला जा सकता है। यह प्रपोजल बनाकर पहले भेजा गया था, लेकिन उसका कोई रिजल्ट नहीं मिल सका। यह पेट्रोल पंप किसी भी निजी को नहीं दिया जा सकता है। अगर कोई महिला समूह या रेलवे वेलफेयर इसमें रूचि दिखाते हैं तो इसपर विचार किया जा सकता है।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

**तारामंडल के ठीक पीछे इस कचरे के अंबार के कारण व्यापारी परेशान**

# व्यापार विहार आक्सीजोन बना डंपिग जोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **ठेका कंपनी ने लगाया कचरे का पहाड़, तिफरा, सिरगिट्टी से लाकर फेंक रहे**

व्यापार विहार में ढाई एकड़ जमीन पर 2 करोड़ रुपए खर्च कर बनाए गए आक्सीजोन को ही अब आक्सीजन की जरूरत पड़ रही है। रखरखाव के अभाव में यहां लगाए गए 600 पौधों में से ज्यादातर सूख गए हैं, जो बचे हैं वह भी खत्म होने की कगार पर हैं। इसके अलावा नगर निगम का सफाई अमला शहर से इकट्ठा किए कचरों को अब आक्सीजोन के चारों तरफ डंप कर रहा है। सफाई ठेका कंपनी रामकी ने यहां छोटा डंपिंग जोन बनाया है। वह पूरा ओवरफ्लो हो रहा और उसके अगल बगल की जमीन पर कचरे लगातार कचरा डाला जा रहा है। तारामंडल के ठीक पीछे इस कचरे के अंबार के कारण लोग परेशान हैं।

गौरतलब है कि निगम ने व्यापार विहार तारामंडल के पीछे दो करोड़ रुपए की लागत में ऑक्सीजोन का निर्माण कराया था। इसका उद्देश्य था कि लोग यहां साफ हवा के साथ सुबह-शाम वॉकिंग कर अपनी सेहत सुधारे। अब लेकिन ऑक्सीजोन सेहत बना नहीं बल्कि बिगाड़ रहा है। ऑक्सीजोन के चारों तरफ नगर निगम ही शहर से निकलने वाले कचरे को इकट्ठा कर यहां लाकर फेंक रहा है। कचरा डंप होने के कारण पूरे इलाके में तेज दुर्गंध लोगों को परेशान कर रही है। आलम यह है कि यहा अब लोग वॉकिंग के लिए आना भी बंद कर चुके हैं। कुछ बच्चे खेलने पहुंचते हैं लेकिन थोड़ी देर में दुर्गंध से परेशान होकर चले जाते हैं।



व्यापार विहार तारामंडल के पीछे डंप किया गया कचरा।

**तिफरा, सिरगिट्टी, व्यापार विहार का कचरा**

इस बारे में अधिकारियों से बात की गई तो निगम की ओर से दावा किया गया इनकी देखरेख में 30 लाख रुपया खर्च किया गया है। मौके की हालत देखकर लेकिन ऐसा बिलकुल भी नहीं लगता कि यहां पौधों के लिए खाद भी डाली गई है। इतना ही नहीं डोर टू डोर कचरा जमा करने वाली रामकी कंपनी के लिए यह एरिया डंपिंग जोन बनता जा रहा है। तिफरा, सिरगिट्टी, व्यापार विहार और अन्य क्षेत्रों का लाखों टन कचरा यहां डंप है। कुछ दिन पहले यहां कचरा फेंकने के नाम पर स्थानीय व्यापारियों का ठेका कंपनी से विवाद भी हुआ था। व्यापारियों के मुताबिक मौके पर कुछ मात्रा में भले ही छोटी गाड़ियों से बड़ी गाड़ियों में कचरा भरा जाता होगा लेकिन 10 एकड़ से अधिक एरिया में कचरा डंप किया जा रहा है।

### ठेका कंपनी को दी गई थी चेतावनी

गौरतलब है कि शहर से कचरा उठाने का ठेका नगर निगम ने हैदराबाद की रामके कंपनी को दे रखा है। कंपनी को शहर से कचरा उठाकर 15 किलोमीटर दूर ग्राम कछार ले जाकर अपशिष्ट प्रबंधन करना है लेकिन इसमें ज्यादा खर्च होने की वजह से कंपनी कचरा यहीं व्यापार विहार में ही डंप कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक ठेका कंपनी को पहले भी व्यापार विहार में कचरा डंप नहीं करने की चेतावनी दी गई थी। 10 लाख रुपए की पेनाल्टी भी लगाई गई थी। मौके का फिर से निरीक्षण करने के बाद कचरा डंपिंग करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### कंपनी को देंगे नोटिस

व्यापार विहार में ठेका कंपनी के लिए निगम की ओर से डंपिंग जोन बनाया गया है। यहां से कचरे को उठाकर कछार ले जाया जाता है। वहां अपशिष्ट प्रबंधन किया जाता है। डंपिंग जोन से अलग कचरा फेंका जा रहा है तो सफाई कराते हुए ठेका कंपनी को नोटिस जारी किया जाएगा।

**- खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त

# फर्जी यूपीआई ट्रांजेक्शन से धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्लीनिक संचालक से फर्जी यूपीआई द्वारा रूपए लेकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। सकरी पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



आरोपी।

पुलिस के अनुसार परसुराम चौक राजकिशोर निवासी सुमन शुक्ला पति बलराम तिवारी उम्र 38 सकरी में अंबिका क्लीनिक का संचालन करती है। इस दौरान सुधीर बरामते अपने बच्चे का उपचार करता रहा है और सुमन से जान पहचान कर ली। वह 9 सितंबर को क्लीनिक पहुंचा और इलाज से संबंधित दवाईयां ली और 3500 रूपए की मांग की। उसने फर्जी एप के सहारे रूपए का ट्रांजेक्शन दिखाया। सुमन को धोखाधड़ी होने का अंदाजा लग चुका था ऐसे में वह बैंक जाकर पासबुक चैक कराई लेकिन सुधीर द्वारा ली गई रकम दिखाई दी लेकिन उसका भुगतान का रिकार्ड नहीं मिला। आरोपी इस समय तक 15000 हजार रुपये फर्जी एप के द्वारा फर्जी भुगतान कर ले चुका था। प्रार्थिया ने सकरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी दलदलिहापारा थाना सकरी निवासी सुधीर बरामते पिता स्व रामधर बरामते उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खेत से काम कर घर लौट रही महिला को बाइक सवार ने ठोकर मार दी। दुर्घटना इतनी भंयकर थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने सिम्स में शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं पुलिस जांच में जुट गई है।



मृतिका।

पुलिस के अनुसार घुटकू बंधवापारा निवासी संतोष पटेल की पत्नी मीना बाई पटेल 52 वर्ष खेती का काम करती है। शुक्रवार की सुबह 5 बजे वह खेत से घर लौट रही थी, इस दौरान खुसरीबंद के पास अनियंत्रित बाइक सवार ने उसे ठोकर मार दी। हादसे में मीना बाई बुरी तरह से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सिम्स लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। बताा जा रहा है कि बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएन 2017 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाकर महिला को ठोकर मारी है। आसपास के लोगों ने महिला को अस्पताल पहुंचाया था।




दुर्घटनाकारित वाहन।

### नाबालिग को भगाकर अनाचार, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग को भगाकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, 4 जुलाई 2025 को क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग लापता हो गई थी। पुलिस ने पतासाजी कर दिल्ली में दबिश देकर जांजगीर चांपा केसर भाठापारा पामगढ़ निवासी शंकर यादव पिता परदेशी यादव 19 साल को पकड़कर नाबालिग को बरामद कर लिया है। नाबालिग से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने युवक को गिफ्तार कर लिया है। आरोपी को पकड़ने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी तब जाकर उन्हें पकड़ने में सफलता मिली।

# हास्टल संचालक ने युवक से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**युवक पर कुत्ता छोड़ने के बाद हुई बहस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **रिंग रोड के नोबल हास्पिटल के पास की घटना**

मेडिकल काम्प्लेक्स में नौकरी करने वाले युवक पर पहले तो हास्टल संचालक ने पालूत कुत्ता छोड़ दिया, वहीं बीच बचाव करने के दौरान हुई बहस के बाद संचालक ने युवक को बुरी तरह से पीट दिया। युवक के भाई ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।



मामले में पीड़ित के भाई अजय दिवाकर ने पुलिस को बताया कि उसका भाई कैलाश दिवाकर तेलीपारा में मेडिकल काम्प्लेक्स में काम करता है। शुक्रवार की सुबह 11 बजे वह अपने काम पर जा रहा था। इस दौरान वह रिंग रोड 2 के नोबल हास्पिटल के पास पहुंचा था कि मां दूर्गा हास्टल का पालूत कुत्ता उसे देखकर भोंकने लगा,कैलाश डरकर वहीं खड़ा होगा। इस बीच कुत्ता आक्रमक होकर उसपर झपटने लगा। कैलाश उसे अपने पास से हटाने की कोशिश कर ही रहा था कि इस बीच हास्टल का संचालक पहुंचा और दिवाकर को गाली देने लगा, दोनों के बीच बहस इतनी बढ़ी की संचालक ने उसे जमकर पीट दिया। दिवाकर ने फोन पर अजय को सारी बात बता, इस दौरान अजय भी मौके पर पहुंच गया लेकिन हास्टल संचालक ने उसके साथ भी हुज्जतबाजी की है। पीड़ित के भाई ने सिविल लाइन थाना पहुंच घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले में हास्टल संचालक के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है।

# दो महीने में तैयार होगा रजिस्ट्री विभाग का मॉडल आफिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **भारतीय नगर में युद्धस्तर पर निर्माण जारी**

भारतीय नगर में रजिस्ट्री विभाग का मॉडल ऑफिस आकार ले रहा है। मॉडल आफिस में पक्षकारों के लिए पीने के पानी के अलावा एसी वेटिंग हॉल एवं स्वच्छ वॉशरूम की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यह ऑफिस पूरी तरह हाईटेक होगा, जहां उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। विभाग के अनुसार डेढ़ से दो महीने के भीतर इसका निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा।

शहरवासियों को बहुत जल्द शहर के भीतर ही एक और भव्य रजिस्ट्री कार्यालय मिल सकेगा। यह कार्यालय कोई सामान्य कार्यालय नहीं होगा, बल्कि पासपोर्ट ऑफिस जैसा भव्यता लिए हुए होगा। करीब ढाई हजार वर्गफीट के ऑफिस में वीआईपी लाउंज, पब्लिक वेटिंग एरिया, महिला व पुरूषों के लिए अलग-अलग वॉशरूम, दस्तावेजों को सुरक्षित रखने हेतु कांपेक्टर रूम, स्वच्छ व ठंडे पानी की व्यवस्था व सर्वर रूम तैयार किया जा रहा है। रजिस्ट्री के इस मॉडल ऑफिस को बीएलएस इंटरनेशनल लिमिटेड नामक कंपनी के द्वारा तैयार किया जा रहा है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि डेढ़ से दो महीने के भीतर ऑफिस बनकर तैयार हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि शहर के भीतर कंपोजिट बिल्डिंग में स्थापित रजिस्ट्री ऑफिस में न केवल पक्षकारों का लगातार लोड बढ़ता जा रहा है, बल्कि यहां पक्षकारों के लिए अपेक्षित सुविधाएं भी नहीं हैं। टोकन जारी होने के बाद भी पक्षकारों को रजिस्ट्री कराने में लगभग पूरा दिन निकल जाता है। हालांकि यहां पक्षकारों के बैठने की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन पर्याप्त नहीं है। ऐसे में शहर को कई हिस्सों में बांटते हुए कई रजिस्ट्री कार्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि पक्षकार अपने-अपने संबंधित क्षेत्र के रजिस्ट्री कार्यालयों में ही भूमि का पंजीकरण कराएं व किसी एक ऑफिस पर लोड न आए।





**सब रजिस्ट्रार के अलावा पूरा स्टॉफ बाहरी**

सूत्रों के अनुसार मॉडल ऑफिस में शासन की ओर से एक सब रजिस्ट्रार पदस्थ रहेंगे। इसके अलावा कार्यालय सहायक, कंप्यूटर से संबंधित कर्मचारी एवं अधीनस्थ अन्य सारे कर्मचारी बाहरी होंगे। चूंकि मॉडल आफिस के रूप में पूरा एक नया सेटअप ही बैठाया जा रहा है, जहां शत प्रतिशत शासकीय कर्मचारियों की पदस्थापना संभव नहीं है। ऐसे में मिला-जुलाकर मॉडल आफिस का संचालन किया जाएगा।

### मिलेंगी सभी सुविधाएं

भारतीय नगर में रजिस्ट्री विभाग की एक अन्य शाखा स्थापित होनी है। यह मॉडल ऑफिस के रूप में तैयार किया जा रहा है। यह कार्यालय सर्व सुविधायुक्त होगा, जहां पक्षकारों को सारी सुविधाएं मिल सकेंगी। डेढ़ से दो महीने के भीतर मॉडल आफिस तैयार हो जाने की पूरी उम्मीद है।

**-आरके स्वर्णकार**
जिला पंजीयक

# 2 लाख उत्तरपुस्तिकाओं से बोर्ड की परीक्षा देंगे परीक्षार्थी

- **37 हजार से अधिक परीक्षार्थी**

**बिलासपुर।** जिले के 37 हजार से अधिक बोर्ड परीक्षार्थी 2 लाख उत्तरपुस्तिकाओं से मुख्य परीक्षा देंगे। जिले के समन्वयक केन्द्र महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल में हाईस्कूल व हायर सेकेंड्री मुख्य परीक्षा 2026 की उत्तरपुस्तिकाएं पहुंच गई है। इसे सुरक्षित रखवा लिया गया है।

उत्तरपुस्तिकाओं का वितरण 28 एवं 29 जनवरी को स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा। इसके लिए विकासखंडवार अलग अलग तिथि तय की गई है। अधिकारियों के मुताबिक विकासखंड बिल्हा के लिए 28 जनवरी को सुबह 1030 बजे से दोपहर 1 बजे तक, विकासखंड मस्तूरी के लिए 28 जनवरी को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक, विकासखंड तखतपुर के लिए 29 जनवरी को 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक और विकासखंड कोटा के लिए 29 जनवरी को दोपहर 1 बजे शाम 4 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

उत्तरपुस्तिकाओं के लिए सभी केंद्राध्यक्ष प्राचार्यों को यहां बुलाया गया है। उत्तरपुस्तिकाओं की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जा रही है।

### 10वीं के 131 व 12 वीं 122 सेंटर बनाए गए

जिले में जिले में दसवीं-बारहवीं बोर्ड की मुख्य परीक्षा परीक्षा 20 और 21 फरवरी से शुरू होंगी। इसमें 37 हजार 194 छात्र शामिल होंगे। 10वीं के 131 व 12वीं 122 केंद्रों पर परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिले में 20 और 22 फरवरी से दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है। माशिमं ने सभी स्कूलों को इसकी तैयारी करने के लिए कहा है। जिले में वर्तमान में 431 हाईस्कूल है। इनके 22272 छात्र इस साल 10वीं की परीक्षा देंगे। वहीं 285 हायर सेकेंड्री स्कूल से 14922 स्टूडेंट एग्जाम में शामिल होंगे। पिछले साल दसवीं-बारहवीं की परीक्षा 1 मार्च से शुरू हुआ था। इस साल 8 दिन पहले से ही रहा है। इसका असर छात्रों की तैयारी पर पड़ सकता है।







सुमीत बाजार
देश का पर्व सबसे बड़ा गर्व।
इस 26 जनवरी, होगी
26 की गूँज पूरे देश में!
17 से 31 जनवरी 2026
बाजार मूल्य ₹149 & above
एक्सपोर्ट क्वालिटी
कुशन कव्हर
₹26 में
मिक्स व्हेरायटी
बाजार मूल्य ₹145 & above
100% कॉटन एक्सपोर्ट प्रीमियम क्वालिटी
डायनिंग रनर
₹26 में
बाजार मूल्य ₹99 & above
100% कॉटन प्लेन प्रीमियम क्वालिटी
पिलो कव्हर
₹26 में
बाजार मूल्य ₹99 & above
किचन नेपकीन
₹26 में
2 पीस
बाजार मूल्य ₹99 & above
100% कॉटन एक्सपोर्ट प्रीमियम क्वालिटी
डायनिंग मैट
₹26 में
2 पीस
बाजार मूल्य ₹199 & above
टीन्स गर्ल्स कुर्ती
10 वर्ष से 15 वर्ष के गर्ल्स के लिये
₹126 में
2 पीस
बाजार मूल्य ₹199 & above
गर्ल्स कोर्ड सेट
22 से 36 साईज में
₹126 में
बाजार मूल्य ₹199 & above
action फुटवियर
₹126 में
बाजार मूल्य ₹299 & above
प्लास्टिक जल मटका
₹126 में
बाजार मूल्य ₹350 & above
मेन्स प्लेन कुर्ता
₹126 में
बाजार मूल्य ₹399 & above
डिजिटल लिनन साड़ी
₹226 में
बाजार मूल्य ₹149 & above
लेडिस टीशर्ट
₹226 में
2 पीस
बाजार मूल्य ₹149 & above
ब्वॉयज टीशर्ट
22 से 36 साईज में
₹226 में
2 पीस
बाजार मूल्य ₹299 & above
प्रिंटेड डबलबेड कम्फर्टर
₹226 में
बाजार मूल्य ₹499 & above
मेन्स टीशर्ट
₹226 में
2 पीस
बाजार मूल्य ₹459 & above
प्रीमियम डिजिटल सिल्क साड़ी
₹326 में
बाजार मूल्य ₹595 & above
लेडिस कोर्ड सेट
₹326 में
बाजार मूल्य ₹799 & above
डबलबेड किंग साईज 1+2 बेडशीट
₹326 में
बाजार मूल्य ₹999 & above
डिजिटल प्रिंट मेन्स कुर्ता
₹326 में
SIZE 44 TO 50
बाजार मूल्य ₹799 & above
ब्रांडेड मेन्स शर्ट
₹326 में
बाजार मूल्य ₹899 & above
जरी हैण्डवर्क साड़ी
₹426 में
बाजार मूल्य ₹499 & above
फ्रॉक कुर्ती
₹426 में
2 पीस
बाजार मूल्य ₹299 & above
सिंगलबेड ब्लेंकेट
₹426 में
2 पीस
बाजार मूल्य ₹795 & above
किंग साईज 1+2 आकर्षक पैकिंग में बेडशीट
₹426 में
बाजार मूल्य ₹999 & above
मेन्स फार्मल इम्पोर्टेड ट्राउजर
₹426 में
बाजार मूल्य ₹999 & above
गुजराती सिल्क रिच पल्लू साड़ी
₹526 में
बाजार मूल्य ₹999 & above
हैवी जेकार्ड कॉटन टॉवेल
₹526 में
2 पीस
बाजार मूल्य ₹999 & above
डबलबेड AC ब्लांकेट विथ बैग
₹526 में
बाजार मूल्य ₹999 & above
डबलबेड दोहड़ व्हाईट कलर में
₹526 में
बैग पैकिंग में
बाजार मूल्य ₹999 & above
मेन्स जीन्स
₹526 में
अन्य आकर्षण और भी है
साईज उपलब्धतानुसार
ऑफर स्टॉक रहने तक
ऑफर में दिखाये गये चित्र मात्र सांकेतिक है आयटम भिन्न हो सकते हैं
*नियम व शर्तें लागू.
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
FOR FRANCHISE ENQUIRY - 91096 47300 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com | CUSTOMER CARE - 89820 44000

## खबर संक्षेप

### भगवान भक्त के अभिमान को चूर कर देते हैं: पं कमलेश



**तखतपुर।** नगर के वार्ड 4 में पाठक निवास पर आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान कथा वाचक पं कमलेश तिवारी ने कालिया नाग के वध की कथा कही। उन्होंने कहा कि, भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीला के माध्यम से यमुना नदी में खेलते खेलते गेंद को फेंक दिया और कालिया नाग के मद को चूर किया। भगवान जब यह महसूस करते हैं कि, उनके भक्तों को अभिमान हो गया है, तो वे अपने भक्त के अभिमान को अपनी लीला के माध्यम से चूर कर देते हैं। आयोजन के मुख्य यजमान शकुंतला-रमेश पाठक हैं। इस दौरान विरेंद्र पांडेय, वृंदा पाठक, कमलेश तिवारी, पंकज तिवारी, अरविंद शास्त्री, शुभम पाण्डेय, कान्हा तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत निशुल्क नेत्र जांच शिविर




**रतनपुर।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तत्वाधान व परियोजना निदेशक मुकेश सिंह परगनिहा के मार्गदर्शन में लिम्हा टोल प्लाजा पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन प्लाजा मैनेजर अनूप यादव के समन्वय से किया गया। शिविर में वाहन चालकों की आंखों की जांच की गई। नेत्र परीक्षण का कार्य डॉ संजय शुक्ला, डॉ जितेन्द्र शॉ, डॉ संजय देवांगन एवं उनके सहयोगी दौलत राम मरार की टीम ने किया। जांच के उपरांत आवश्यकता अनुसार रोगियों को दवाइयों की सलाह भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस की टीम ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन एवं सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर टीआई युगल किशोर नाग, टीआई शाहिद अख्तर, सहायक राजेन्द्र चन्द्र, अब्दुल रफीक सहित अन्य पुलिस बल के लोग उपस्थित रहे। शिविर के दौरान लगभग 1 हजार वाहन चालकों की नेत्र जांच की गई। यह आयोजन सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय एवं उपयोगी पहल सिद्ध हुआ।

### मुढ़ीपार टोल प्लाजा में लगा एनएचएआई का नेत्र जांच शिविर



**बिल्हा।** एनएचएआई के निर्देश पर 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर मुढ़ीपार टोल प्लाजा पर सड़क उपयोगकर्ताओं, आसपास के ग्रामीणों, कर्मचारियों और विशेष रूप से ट्रक चालकों के लिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। सभी चालकों और आम जनता को इस निशुल्क सुविधा का लाभ उठाने के लिए मुढ़ीपार टोल प्लाजा के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि, अच्छी दृष्टि सुरक्षित ड्राइविंग, समय पर निर्णय लेने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नियमित नेत्र जांच से दृष्टि संबंधी समस्याओं का शीघ्र पता लगाने में मदद मिलती है, जिससे चालकों और अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। शिविर के दौरान कुल 502 लोगों ने अपनी नेत्र जांच कराई। नेत्र विषेशज्ञ चिकित्सकों एवं नर्सों द्वारा परीक्षण किया गया।

### हरी झंडी दिखाकर बेटी संरक्षण जागरुकता रथ को किया गया रवाना



**मुंगेली।** शासन की 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजनांतर्गत जिला कलेक्टोरेट परिसर से बेटी के संरक्षण और शिक्षा का संदेश के साथ जागरूकता रथ निकाला गया। अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने जागरूकता अभियान के लिए रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से समाज में बालिका जन्म के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, लैंगिक भेदभाव, भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों की रोकथाम तथा बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति आमजनों को प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा एवं सारिका मित्तल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजुला शर्मा और चइल्ड हेल्प लाइन के परियोजना समन्वयक उमाशंकर कश्यप मौजूद रहे।

### मौहाभाठा में रामायण गायन संपन्न

**तखतपुर।** संगीतमय रामायण गायन का आयोजन मौहाभाठा में किया गया, जिसमें आसपास की मानस टोलियां शामिल हुईं। इस अवसर पर परमेश्वर साहू, अन्नू साहू, बलवंत, नंदराम, मंजू, नैना, देवदत्त, संतोष, पिल्लूराम, ढेलऊ राम, परसराम, लक्ष्मण, राम, जलसराम, रंजीत सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वसंत पंचमी पर स्कूलों में हुई विद्यादायिनी माता सरस्वती की पूजा

# बिना बुद्धि व मेहनत के नहीं मिलती सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य विजय सोनी, शिक्षक किशन लाल देवांगन सहित शाला स्टाफ एवं विद्यार्थीग उपस्थित थे।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन में विद्यादायिनी, ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर मोहन उपाध्याय ने बताया कि, माघ माह के पंचमी लगते ही ऋतुओं का राजा बसंत ऋतु का आगमन हो जाता है। इस दिन से बच्चों का विद्या प्रारंभ करने का भी संस्कार है। ऐसा माना जाता है, इस दिन विद्या प्रारंभ करने से बच्चे बुद्धिमान रहते हैं। बसंत ऋतु लगते ही प्रकृति में परिवर्तन शुरू होने लगते हैं। पीले-पीले सुनहरे रंग के फूल लगने लगते हैं। मौसम सुहाना होने लगता है। सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत की आवश्यकता होती है और बिना मेहनत और बुद्धि के बिना सफलता प्राप्त नहीं हो सकती है। इस अवसरपर कुमारी प्रमिला मरकाम के द्वारा कविता का पाठ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एडी अंचल, उमाकांत मिरी, अशोक सियारे, मीरकंठ साहू, सुषमा गुप्ता, ज्योति सिंह, अमीन सोनवानी, लालाराम घृतलहरे, हेमचंद्र बारमते, राजकुमारी बंजारे, भाऊ राम साहू, अन्नु साहू, रविंद्र गुप्ता, जेठू साहू संतोष सप्रे सहित नागरिक उपस्थित रहे।



सरस्वती पूजन के अवसर पर विद्यार्थी एवं स्टाफ।

### अंगारमोती मंदिर में धार्मिक आयोजन

बसंत पंचमी के अवसर पर पंडरिया रोड स्थित पुराना पानी टंकी के पास प्रसिद्ध अंगारमोती मंदिर में श्रद्धा और आस्था के साथ धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर में 4 क्विंटल दूध से माता का दुग्धाभिषेक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर प्रांगण से कलश यात्र के साथ हुई। कलश यात्र के पश्चात विद्वान पंडित द्वारा वैदिक मंत्रेच्चार एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर दुग्धाभिषेक प्रारंभ किया गया। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में दूध अर्पित कर परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भोग-भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम 6 बजे माता का विशेष श्रृंगार कर आरती संपन्न हुई, जिसमें पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा।

### चपोरा स्कूल में सरस्वती पूजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम



**रतनपुर।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चपोरा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चपोरा में विद्या की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुत किए, जिनकी उपस्थित जनसमुदाय ने सराहना की। उमा विद्यालय के प्राचार्य राजेश खोटे ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधान पाठिका ललिता जाधव, व्याख्याता भारती शर्मा, ठाकुर मैडम, वंदना ठाकुर मैडम, श्रवण यादव, अमृतलाल, खुरसेंगा, मनीष यूके, तंबोली मैडम, जगत मैडम, कश्यप मैडम, अजय कुमार, राम नारायण यूके, राजेश राजपूत, रमाकांत रजक एवं दिनकर सर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## कन्या शाला में सरस्वती पूजन मना निराला जयंती समारोह



**तखतपुर।** बसंत पंचमी पर कन्या उमावि तखतपुर में सरस्वती पूजन व निराला जयंती समारोह आयोजित किया गया। ज्ञान, कला और संस्कृति के प्रतीक पर्व बसंत पंचमी के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर में शुक्रवार को विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का विधिवत पूजन-अर्चन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इसी अवसर पर महान छायावादी कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की जयंती भी गरिमामय वातावरण में मनाई गई।

निराला जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक योगदान को स्मरण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि, बसंत पंचमी केवल ऋतु परिवर्तन का पर्व नहीं, बल्कि यह ज्ञान, विवेक और सृजनशीलता के जागरण का प्रतीक है। मां सरस्वती का पूजन हमें जीवन में सतत अध्ययन, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने छात्राओं से निरंतर परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र शुक्ला ने निराला के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, निराला जी का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और सामाजिक चेतना का प्रतीक है।

उनका साहित्य आज भी युवाओं को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने छात्राओं से निराला जी के साहित्य को पढ़ने और आत्मसात करने का आग्रह किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा काव्य पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे कार्यक्रम और भी भावपूर्ण बन गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नरेंद्र सिंह राजपूत, जितेंद्र शुक्ला, रश्मि मिश्रा, मीनाक्षी शर्मा, पारुल यादव, दिव्या मिश्रा, स्वीटी सिंह, बलिराम सूर्यवंशी,मयंक यादव, मिनाज खान, सलीम बंजारे, अहिल्या ध्रुव, हीरा दास मेरसा संहित अन्य उपस्थित रहे।

### बुढ़ीखार स्कूल में सरस्वती पूजा व विदाई समारोह



**मल्हार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ीखार के विद्यार्थियों ने क्षेत्र के सरस्वती चौक पर बसंत पंचमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। संस्था में मां सरस्वती पूजन के पश्चात हायर सेकंडरी विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने ग्राम बुढ़ीखार के सरस्वती चौक पर स्थापित मां सरस्वती के मंदिर में जाकर के पूजा-अर्चना की। बच्चों ने मां सरस्वती के गीत, श्लोक से मां सरस्वती से बेहतर ज्ञान, कला की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य काशीराम रजक ने कहा कि, मां सरस्वती का पूजन कर हमने अपने छात्र-छात्राओं लिए मां सरस्वती से उज्जवल भविष्य की कामना की है। मां सरस्वती विद्या की देवी हैं, और उनकी कृपा हमेशा हमारे बच्चों के ऊपर अनन्य रूप से होती है। इस अवसर पर व्याख्याता प्रकाश कौशिक, रूपेंद्र सिंह महिलांगे, कुमारी श्याम यादव, कल्पना टंडन, सुनीता मरावी, श्वेता सेमुएल, संजय महिपाल, अनोद कैवर्त, कमलेश्वर सुमन, अभिषेक खूंटे सहित स्टाफ के सभी उपस्थित रहे। मां सरस्वती पूजन पश्चात स्कूल कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई देने समारोह का आयोजन किया।

### जमुनाही में हर्षोल्लास के साथ मनी वसंत पंचमी




**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम सरस्वती माता की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर बच्चों को ज्ञान की देवी माता सरस्वती की महत्ता के बारे में बताया गया। बसंत पंचमी का पर्व प्रकृति एवं संस्कृति का सुन्दर संगम है, जहां बासंती उल्लास और माता सरस्वती का ज्ञान साथ आकर जीवन में ऊर्जा, सौन्दर्य, संतुलन, पवित्रता व जागृति भरते हैं। इस अवसर पर प्रधानपाठक कृष्ण कुमार सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, शिरोमणि साहू, रामकुमारी साहू, ललिता यादव, जलेश्वरी निषाद, त्रिभुवन साहू, सहित बड़ी संख्या में। छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

### विवेक और सद्बुद्धि की प्राप्ति का संदेश दिया गया



**बिल्हा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र बिल्हा में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इस अवसर पर मां सरस्वती की आराधना से ज्ञान, विवेक और सद्बुद्धि की प्राप्ति का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि डॉ टोपलाल वर्मा ने बसंत पंचमी के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विकसित भारत की संकल्पना, समाज के प्रति हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारियों पर बल दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि उमाकांत पटेल भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ तोरन लाल साहू ने विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन, अनुशासन और विद्या के महत्व को बताते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी प्राध्यापक सुरेश कुमार, पुष्पांजलि पंकज, डॉ राकेश गिरी गोस्वामी, डॉ संध्या साहू, डॉ मकसूदन वर्मा, डॉ मुकेश पटेल, डॉ रोहित सहिक सभी कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जिले के शिक्षण संस्थानों में सुबह से शुरू हुई पूजा-अर्चना



**मुंगेली।** जिले में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई। जिले के शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रें तक सरस्वती पूजा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल मिला। स्कूलों, कॉलेजों और निजी शिक्षण संस्थानों में सुबह से ही पूजा-अर्चना शुरू हो गई। विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में मां सरस्वती की आराधना कर ज्ञान, बुद्धि और सफलता का आशीर्वाद मांगा। कई शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। सेंट जेवियर्स स्कूल में सरस्वती पूजन पश्चात हवन एवं बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक शाला बड़ा बाजार में सरस्वती पूजन एवं बसंत उत्सव का आयोजन किया गया। नवविद्यार्थियों को स्लेट पेंसिल में ओम लिखकर शिक्षा आरंभ की शुरूआत कराई गई। विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आकर्षक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी शीला जायसवाल, समिति के अध्यक्ष प्रकाश लोढ़ा, उपाध्यक्ष मीहामल, प्रधानाचार्य सतीश बघेल, शिक्षिका मंजू ताम्रकार, पूजा श्रीवास्तव, दीपाली, प्रिया, लीला, गायत्री, दीपक, दुर्गा मीनाक्षी, अविनाश, परमेश्वरी सहित पालकों एवं विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दी।

## शिशु मंदिर बरेला में हुई माता सरस्वती की पूजा



**जरहागांव।** सरस्वती शिशु मंदिर बरेला में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना व वंदना प्रारंभ की गई। इसके पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत बरेला अध्यक्ष नरेश पटेल ने कहा कि, सृष्टि के प्रारंभिक काल में भगवान विष्णु ने ब्रह्मा की आज्ञा से मनुष्य योनि की रचना की, परंतु वे अपनी संरचना से संतुष्ट नहीं थे। विष्णु जी से आज्ञा लेकर ब्रह्मा जी ने अपने कमंडल से पृथ्वी पर जल छिड़का, इससे पृथ्वी पर कंपन होने लगा एवं एक अद्भुत शक्ति के रूप में चतुर्भुज सुंदर स्त्री प्रकट हुई। उनके एक हाथ में वीणा दूसरे हाथ में मुद्रा और अन्य हाथों में पुस्तक और माला थी। उनके मधुर संगीत से सभी जीव-जंतुओं को मधुर वाणी प्राप्त हुई। उन्हें सरस्वती, वीणा, शारदा, वीणावादिनी देवी, वाग्देवी आदि विभिन्न नामों से जानी जाता है। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय निर्मलकर, विजय दीवान सभापति, नोहर सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, प्राचार्य विनोद पटेल, संतोष पटेल, कृपाल सिंह ध्रुव, अखिलेश कश्यप, मुमताज खान, मुस्कान परवीन ,भारती देवांगन, ललिता धुरी-प्रमोद धुरी, स्मृति पटेल, रेशम सिंह, अंजनी निर्मलकर, आरती दिवाकर, राधेलाल जायसवाल, समस्त भैया-बहन एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### सुनाई गई माता सरस्वती के अवतरण की गाथा



लोरमी। ग्राम सेमरसल पूर्व माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला के बच्चों तथा शिक्षकों ने माता सरस्वती की पूजा-अर्चना कर बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया।वक्ताओं ने बसंत ऋतु आगमन पर मौसम में होने वाले बदलाव एवं सृष्टि निर्माण के पश्चात मानवों को वाणी प्रदान करने सरस्वती माता के अवतरण की गाथा को सरलता से बताई गई। इस दौरान प्रधानपाठक आत्माराम कश्यप, राजकुमार कश्यप, उमाशंकर राजपूत एवं प्रधान पाठक आरती गुप्ता, शिक्षक राकेश पांडेय, पुष्पा चतुर्वेदी, स्मिता सिंह, ललिता शर्मा, स्वतंत्र ध्रुव सहित परमेश्वरी साहू, प्रेम कश्यप, नेहा, ममता, सारिका, राजनन्दनी, सुमन, लक्ष्मीन, सोमेश्वर, दामिनी मेघा, माही, किरण, योगेश्वरी, सोनिया, लकेश्वरी, राधिका, नंदनी निषाद एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## नेचर कैंप के माध्यम से प्रकृति से रूबरू हुए स्कूली बच्चे




**मुंगेली।** शासकीय हाई स्कूल नवागांव घु, बीआरसाव स्कूल, शासकीय हाई स्कूल सुरेठा के ईको क्लब के बच्चों के लिए एक दिवसीय नेचर कैंप का सफल आयोजन गिदवा-परसदा पक्षी विहार केन्द्र तथा मदकूद्वीप पर्यटन केंद्र में किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति के करीब लाना और उनमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था।

नेचर कैंप के दौरान प्रवासी पक्षियों के जीवन से रूबरू हुए। छात्र शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने गिदवा-परसदा पक्षी विहार केंद्र का भ्रमण किया। यहां बच्चों ने दूर देशों से आए प्रवासी पक्षियों को देखा। ईको क्लब के विशेषज्ञों ने बच्चों को बताया कि, पक्षी अत्यधिक ठंड और भोजन की कमी के कारण हजारों मील का सफर तय कर यहां आते हैं। भ्रमण का अगला पड़ाव ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थल मदकू द्वीप रहा। यहां बच्चों को प्राकृतिक संपदा के महत्व के साथ–साथ वर्षा जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। शिक्षकों ने बताया कि किस प्रकार गिरते भू–जल स्तर को रोकने के लिए बारिश की हर बूंद को सहेजना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वहां लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक को रोकने के लिए जनजागरूकता संदेश दिया गया। इस नेचर कैंप को सफल बनाने में स्थानीय नेतृत्व और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्राचार्य हाई स्कूल नवागांव एमआर कुर्रे, प्राचार्य, हाईस्कूल सुरेठा शशिप्रभा सोनी, प्रधान पाठक शकुंतला राजपूत ने बच्चों को प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

## साधु संतों का अपमान कर रही है भाजपा: गजमति




**पेंड्रा।** जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोके जाने तथा उनके साथ किए गए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमति भानु ने कहा कि, स्वयं को हिंदुओं का मसीहा बताने वाली भाजपा सरकार आज हिंदू संतों का ही अपमान कर रही है।

उन्होंने कहा कि, हालात ऐसे बना दिए गए हैं कि, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका व्यक्त करनी पड़ी, और वे पिछले 50 घंटे से अनशन पर बैठने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा, शंकराचार्य का अपमान सनातन धर्म का अपमान है। जिला कांग्रेस महामंत्री पुष्पराज सिंह ने कहा कि, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं। यह पहली बार है जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है। भाजपा सरकार ने सनातन परंपरा का अपमान किया है। कांग्रेस प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह बघेल ने कहा कि, भाजपा पिछले 12 वर्षों से केंद्र में सत्ता में रहते हुए हिंदुओं के नाम पर राजनीति करती रही है, लेकिन आज वही सरकार शंकराचार्य एवं उनके समर्थकों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है। प्रेस वार्ता में पूर्व छाया विधायक गुलाब राज सिंह, विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष बलवीर सिंह, ओमप्रकाश बांका, पवन केसरवानी, ठाकुर साहब, अंसार भाई, रामनिवास तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।